तापमान

अधिकतम 28.6 डिग्री

न्यूनतम 27.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



सोमवार की सुबह हल्की बारिश होने से सिम्स गेट पर पानी जमा हो गया। जिसके चलते यहां आने वालों को दिक्कत हुई।

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### सकरी एई योगेश का तबादला

**बिलासपुर।** सकरी में पदस्थ और विवादित सहायक यंत्री योगेश साहू का ट्रांसफर कर दिया गया है। सोमवार को मुख्य अभियंता राजेन्द्र प्रसाद ने उनका ट्रांसफार आदेश जारी कर दिया है। आदेश के अनुसार सहायक यंत्री योगेश का साहू का स्थानंतरण पथरिया उपसंभाग मुंगेली कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सहायक यंत्री का रवैया अपने स्टाफ के साथ बेहद खराब रहा है। उन पर सकरी में पदस्थ महिला क्लर्क ने कार्यस्थल पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। अपने चार पन्ने के शिकायत पत्र में महिला कर्मचारी ने सहायक यंत्री योगेश साहू पर कई गंभीर आरोप लगाए है। विद्युत कंपनी की महिला सेल में सहायक यंत्री के खिलाफ जांच भी शुरू हो चुकी है। शिकायत के बाद महिला कर्मचारी को शिकायत वापस लेने धमकाया जा रहा था। जानकारों के मुताबिक सहायक यंत्री का स्थानतंरण इसी मामले को लेकर किया गया है। दरअसल जांच में आ रही दिक्कतों को देखते हुए उन्हें सकरी से हटा दिया गया है।

### दुर्ग-हटिया द्विसाप्ताहिक के परिचालन में विस्तार

**बिलासपुर।** दुर्ग सें हटिया के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार करते हुए 31 दिसम्बर तक किया गया है। 08185/08186 हटिया से दुर्ग और दुर्ग से हटिया के बीच सप्ताह में दो दिन स्पेशल ट्रेन का परिचलन किया जा रहा है, जो बिलासपुर स्टेशन होकर चल रही है। यह ट्रेन अब तक 1 अक्टूबर तक चलाई जानी थी, जिसके परिचालन में 26 फेरे का विस्तार करते हुए 31 दिसम्बर तक कर दिया गया है। 08185 हटिया-दुर्ग द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 2 अक्टूबर से 30 दिसम्बर तक और विपरीत दिशा में 08186 दुर्ग-हटिया द्विसाप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 3 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक चलाई जाएगी।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 19 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग रायपुर द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में 19 सितंबर को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी द्वारा सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी, बिलासपुर में किया जा रहा है। जिसमें 4 निजी नियोजकों (कम्पनी) द्वारा जनरल मैनेजर, एच. आर. मैनेजर फील्ड ऑफिसर, एग्रीक्लचर एडवॉजर, मॉर्केटिंग मैनेजर एल.आई.सी बीमा सखी, एक आई सी बीमा अभिकर्ता, इत्यादी कुल 151 विभिन्न पदों के लिए भर्ती संबंधी कार्रवाई की जाएगी।

### बिजली की लुकाछिपी जारी, घंटों रही बंद

**बिलासपुर।** बारिश होते ही बिजली व्यवस्था ठप पड़ रही है। सोमवार को कुदुदंड, मंगला और सकरी क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली जारी रही। इस दौरान घंटों बिजली की सप्लाई बंद रही। सोमवार को हवा के झोंके के कारण इंदिरा सेतु फीडर में पेड़ का डंगाल गिर गया, इस दौरान दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक कुदुदंड, नेहरू चौक, छत्तीसगढ़ भवन, माता चौरा जैसे इलाकों में बिजली बंद रही।

# दो बच्चों को एक साथ स्कूल-ट्यूशन छोड़ना पड़ रहा महंगा..घर पहुंच रहा 500 का चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

अगर आपके घर में स्कूल व ट्यूशन जाने वाले दो बच्चे हैं, और आप उन्हें एक ही समय में एक ही वाहन में छोड़ने जाते हैं तो सावधान हो जाईए। आपके मोबाइल पर बहुत जल्द पांच सौ रूपए का ऑनलाइन चालान पहुंच सकता है, क्योंकि आप अपने जिन दो लोगों को बच्चा समझकर स्कूल छोड़ने जा रहे हैं, यातायात विभाग की नज़र में यह मामला तीन सवारी वाला है। पिछले कुछ दिनों से शहरी इलाके में लोगों को धड़ाधड़ 500-500 रुपए का चालान मिल रहा है, जिससे हड़कंप मचा हुआ है।

ऐसे परिवार जहां स्कूल व ट्यूशन जाने वाले दो बच्चे हैं, वहां पैरेंट्स अभी खासे परेशान नजर आ रहे हैं। अपना समय बचाने के उद्देश्य से माता-पिता बच्चों को एक ही समय में एक ही वाहन में बैठाकर स्कूल व ट्यृशन छोड़ने जाते हैं, लेकिन पूरे शहर में यातायात विभाग द्वारा लगाए गए कैमरे में तीन सवारी होने के कारण उनके मोबाईल पर पांच सौ रूपए का ऑनलाइन चालान भेजा जा रहा है। माता-पिता भले ही अपने बच्चों को छोटा समझकर बड़े आराम से शहर की सड़कों पर आवागमन कर रहे हैं, लेकिन यातायात विभाग की नज़र में वे छोटे बच्चे न होकर तीन सवारी वाले प्रकरण हैं, जिसके लिए पेरेंट्स को पांच सौ रूपए का चालान भेजा जा रहा है। लगातार चालान मिलने से बच्चों के पालक हलाकान हो गए हैं।

### ट्यूशन स्कूल छोड़ना बड़ी समस्या बना

शहर में रहने वाले मध्यमवर्गीय परिवारों जिनके दो छोटे बच्चे हैं, यातायात पुलिस के चालान से अधिक हलाकान हैं। बच्चों के माता पिता यदि आटो या दूसरे माध्यम से बच्चों को स्कूल और ट्यूशन भेजते हैं, तो यह उन्हें महंगा पड़ता है, यदि स्कूटर या बाइक से दो बच्चों को दो बार स्कूल या ट्यूशन छोड़ने नहीं जाया जा सकता है, वहीं बच्चों को एकसाथ ले जाने पर तीन सवारी मानकर पांच सौ रुपए का चालान भेज दिया जाता है। मध्यनगरीय निवासी एक दो बच्चों के पिता ने बताया कि बच्चों को ट्यूशन क्लास छोड़ने जाने पर उन्हें कुछ दिनों पहले पांच सौ रुपए का चालान मिला, जिसका उन्होंने भुगतान कर दिया, परन्तु अब एकबार फिर उन्हें चालान भेज दिया गया है। इस तरह यदि उन्हें चालान भेजा जाता रहा और वे भुगतान करते रहे, तो बच्चों को ट्यूशन छोड़ने जाने का हर रोज का खर्च 500 रुपए हो जाएगा।

### लगातार चालान पहुंचने से शहर में मचा हड़कंप, दो बच्चों को छोड़ने के लिए दो फेरा लगाने की नौबत



### स्कूल के मामले में थोड़ी राहत संभव, बाकी में सख्ती

यातायात विभाग के अनुसार यह सही है कि एक ही घर के बच्चे अगर एक ही संस्थान में पढ़ाई कर रहे हैं और अगर उनकी टाइमिंग भी एक जैसी है तो माता-पिता बच्चों को एक साथ ही स्कूल छोड़ेंगे। दो बच्चों को अलग-अलग नहीं छोड़ा जा सकता, लेकिन ऐसे मामलों में रियारत तभी दी जा सकेगी, जब बच्चे स्कूल ड्रेस में हों ताकि यह समझ में आ सके कि पेरेंट्स बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे हैं। इसके अलावा और किसी मामले में रियायत नहीं दी जा सकती है।

### यूनिफार्म वाले बच्चों को छूट

दुपहिया वाहन में अगर तीन लोग सवार हैं तो उन्हें चालान भेजा ही जाएगा। स्कूली बच्चे अगर स्कूल यूनिफार्म में माता-पिता के साथ जा रहे हैं तो केवल इस मामले में रियायत दी जा सकती है।

**- रामगोपाल करिहारे**, एडिशनल एसपी यातायात

## जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर की बिल्डिंग के सामने 90 साल पुराना था पेड़

# हरे-भरे पेड़ों पर चला दी कुल्हाड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के बिल्डिंग के सामने ठेकेदार के कर्मचारियों ने 90 साल पुराने हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी है, जिसके बाद अब स्टेशन के सामने पुलिस चौकी से लेकर रनिंग लॉबी तक केवल कटे हुए पेड़ों की ठूंठ दिखाई देने लगे हैं। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में रेलवे बोर्ड ने एसईसीआर के बिलासपुर रेलवे स्टेशन में निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में व्यापार विहार से लेकर रेलवे स्टेशन तक के बीच सड़क चौड़ीकरण करने के लिए करीब 450 से अधिक हरे-भरे पेड़ों की कटाई करने के लिए भी नंबरिंग कर दी गई है।

यह कार्य अभी शुरु नहीं हो सका है और ठेकेदार के कर्मचारियों ने रेलवे स्टेशन के सामने हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी है, जिसकी वजह से अब स्टेशन के सामने केवल सपाट जमीन और पेड़ों के ठूंठ ही नजर आ रहे हैं।



### पीपल सहित अन्य प्रजातियां

बिलासपुर रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर तीन के सामने यात्रियों के आराम करने और उनके घूमने फिरने के लिए शेड लगाने के साथ पीपल के अलावा छायादार वृक्ष लगे हुए थे। 90 साल पुराने वृक्ष भीषण गर्मी के दौरान यात्रियों को छाया भी प्रदान करते थे। पेड़ की छांव होने के कारण ज्यादातर यात्री और रेल कर्मचारियों को भी अपनी गाड़ियां रखने में आसानी हो रही थी। लेकिन अब वह स्थिति पूरी तरह से खत्म हो चुकी है।

### थी पार्किंग की जगह

रनिंग लॉबी से लेकर तोरवा की पुलिस चौकी तक की जगह को ठेकेदार ने चारों ओर से शेड लगाकर घेराबंदी कर रखा हुआ है, ताकि बाहर के कोई भी लोग अंदर प्रवेश न कर सकें। डेढ़ साल पहले लॉबी से चौकी के बीच यात्रियों की काफी चहल पहल रहती थी। जिस स्थान पर पेड़ों की कटाई की गई है, उस स्थान पर किसी समय पार्किंग की सुविधा यात्रियों के लिए दी गई थी। शेड लगने के साथ पार्किंग का स्थान भी अब चेंज करते हुए मुल्कराज के पीछे कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### बननी है रेल लाइन

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार स्टेशन डेवलपमेंट के कार्य में नई बिल्डिंग का निर्माण करने के अलावा दूसरे काम भी किए जा रहे हैं। इसमें सबसे अधिक परेशानी वर्तमान में ट्रेन परिचालन में हो रही है। प्लेटफार्म नम्बर 7-8 में आने वाली ट्रेनें स्टेशन आने के बाद समाप्त हो जाती हैं। इस लाइन को आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा, जिसके लिए पेड़ों की कटाई भी जरूरी है।



### ली होगी परमिशन

रेलवें में अगर पेड़ों की कटाई की जानी है तो उसके लिए पहले परमिशन लिया जाता है। नियम के अनुसार पेड़ों की कटाई की जाती है। अगर स्टेशन के सामने पेड़ों की कटाई की गई है तो उसके लिए विभाग ने परमिशन ली होगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## कूटरचित दस्तावेज से रिटायर्ड एसईसीएल कर्मी को बेची थी जमीन

# मुख्य आरोपी की दूसरी बार हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भोंदूदास जमीन घोटाला के मुख्य आरोपी की एक नया कारनामा सामने आया है। उसने कूटरचित दस्तावेज से रिटायर्ड एसईसीएल कर्मचारी को जमीन बेच दी थी। दस्तावेजों की जांच के बाद पुलिस ने उसे दूसरी बार गिरफ्तार किया है।

सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, अरूण कुमार दुबे ने रिपोर्ट लिखाई कि वे वर्ष 1199 में एसईसीएल जमुना कोतमा एरिया में सुरक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ थे। ग्राम मोपका में भूमि खसरा नम्बर 404 में से 3000 वर्ग फीट भूमि जो भू स्वामी रामफल कैवर्त पिता हगरू कैवर्त मोपका निवासी के स्वामित्व की थी, उसे मुख्तियार आम सुरेश कुमार मिश्रा के द्वारा बिक्री की गई थी। 22 मार्च 1999 को भूमि की रजिस्ट्री कराकर नामांतरण एवं डायवर्सन कराया गया था। उक्त भूमि में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कराकर सुरेश कुमार मिश्रा ने कब्जा सौंप दिया था। अब उक्त भूमि अरूण कुमार दुबे के नाम पर दर्ज हुई है, जिसका नया खसरा नम्बर 404/4 है। श्री दुबे ने उक्त भूमि को सावित्री देवी राठौर के पास बिक्री कर दी है। श्रीमती राठौर ने नामांतरण के लिए त ह सी ल कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करने पर सुरेश मिश्रा ने अपने साथियों के साथ मिलकर उप पंजीयक कार्यालय में श्री दुबे के विक्रय विलेख के द्वतीय प्रति में छेड़छाड़ कर उप पंजीयक कार्यालय बिलासपुर से विक्रय विलेख की द्वतीय प्रति निकालकर तहसील कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करवा, इसमें कहा गया कि अरूण कुमार दुबे के द्वारा कूटरचना कर राजस्व अभिलेखों में खसरा नम्बर 404/4 पर दर्ज करवा लिया है। तहसील कार्यालय में प्रस्तुत आपत्ति के आधार पर अ नु वि भा गी य अधिकारी राजस्व के द्वारा अरूण कुमार के नाम पर दर्ज भूमि खसरा नम्बर 404/4 रकबा 3000 वर्गफीट से उनका नाम विलोपित करने का आदेश पारित कर दिया। इस तरह से श्री दुबे को भूमि के अधिकार से वंचित कर दिया गया है। इस प्रकार सुरेश कुमार मिश्रा द्वारा जमीन बिक्री करने के समय छल करते हुए मूल प्रति में खसरा नम्बर 404 दर्ज कराया गया एवं कार्बन प्रति में 429/2 दर्ज कराकर पंजीयक कार्यालय में जमा कर कूटरचना करते हुए धोखाधड़ी की है। शिकायत जांच के बाद सुरेश कुमार मिश्रा के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने फरार आरोपी सुरेश कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में उसके साथी महेन्द्र सिंह ठाकुर, राजेश कुमार मिश्रा, मनोज कुमार दुबे, बनमाली मंडल को गिरफ्तार किया जा चुका है। ज्ञात हो कि पूर्व में हुई करोड़ों रुपए के भोंदूदास जमीन घोटाला मामले में आरोपी सुरेश कुमार मिश्रा मुख्य आरोपी है। उक्त मामले में वह पूर्व में भी जेल गया था।




# बारिश के बाद बन जाएगी अपोलो वाली सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



■ निगम ने पेश किया है हाईकोर्ट में जवाब, 80 फिट चौड़ी होगी सड़क

अपोलो हास्पिटल जाने वाली रोड पर हाईकोर्ट ने सोमवार को स्व संज्ञान में दर्ज हुई जनहित याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की स्पेशल डिवीजन बेंच ने पूछा कि सड़क कब तक बन जाएगी। निगम की ओर से कहा गया कि अपोलो वाली सड़क, जो कि बसंत विहार चौक से अपोलो अस्पताल तक है, को चौड़ा करने का काम हाईकोर्ट के निर्देश पर किया जा रहा है। निगम ने अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है वर्कऑर्डर भी जारी किया गया है। सड़क 80 फिट चौड़ी होगी और दोनों तरफ नाली बनाया जाएगा। बारिश के बाद सड़कों का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा।

निगम के मुताबिक बसंत विहार चौक से मानसी गेस्ट हाउस होते हुए रपटा तक की सड़क को भी चौड़ा किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने से पहले, प्रभावित लोगों को वैकल्पिक बहतराई, सरोज विहार और आईएचएसडीपी योजना के आवास में जगह दी गई है। मानसी लॉज, चिंगराजपारा मार्ग से लेकर रपटा तक कई पुराने मकान और दुकानें सड़क निर्माण की सीमा में आ रही हैं।

निगम अधिकारियों का कहना है कि यह सड़क भविष्य में ट्रैफिक का मुय मार्ग बनने वाली है, इसलिए निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बेजा कब्जा हटाने की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जा रही है, जिससे वास्तविक मालिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# रिजेंट की सप्लाई नहीं, महीनों से थायराइड की जांच बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ जिला अस्पताल में रखी लाखों रूपए की मशीन हो रही कंडम

गर्भवती महिलाओं के लिए हर बार डाक्टर थायराइड की जांच पर्ची में लिख रहे हैं, लेकिन जिला अस्पताल में थायराइड की जांच महीनों से बंद है। रिजेंट की सप्लाई नहीं होने के कारण प्रबंधन ने जांच बंद करा दी है, ऐसे में मरीज जिला अस्पताल से सिम्स में जाकर थायराइड की जांच करा रहे हैं, दोबारा जिला अस्पताल आकर डाक्टरों को रिपोर्ट दिखा रहा है, इससे मरीजों को दो अस्पताल के चक्कर लगाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

शासन ने एक ही छत के नीचे 112 तरह की जांच कराने हमर लैब की स्थापना की है, लेकिन हमर लैब का फायदा मरीजों को नहीं मिल रहा है। कई जांच बंद हो चुकी है, वहीं सीजीएमएससी द्वारा रिजेंट की सप्लाई नहीं होने के कारण जांच महीनों से रोकी गई है, ताजा उदारहरण थायराइड की जांच का है। जिला अस्पताल में रोजाना 150 से अधिक गर्भवती महिलाएं ओपीडी में पहुंचती है, डाक्टर थायराइड की जांच पर्ची में लिख कर देते हैं, लेकिन हमर लैब के कर्मचारी उन्हें सिम्स के लिए रवाना कर देते हैं, यह काम कई महीनों से चल रहा है, इससे सिम्स में भी भार बढ़ रहा है। वहीं लाखों रूपए खर्च कर बनाए गए हमर लैब से लोगों का विश्वास भी उठ रहा है।

# मौसम ने बदली चाल, हल्की बारिश से भीगा शहर, तापमान में आई कमी

**बिलासपुर।** द्रोणिका के प्रभाव के चलते मौसम का मिजाज बदल गया है, सोमवार की सुबह से ही हल्की बारिश होती रही और रात तक यह दौर जारी रहा। बारिश के बाद तापमान में कमी आई और अधिकतम तापमान 3.6 डिग्री नीचे आते हुए 28.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बिलासपुर सहित प्रदेश के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मेघगर्जना के साथ ही बिजली गिरने की आशंका व्यक्त की गई है।

दो दिनों तक कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश और मेघगर्जन के आसार हैं। कहीं-कहीं पर भारी बारिश और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की चेतावनी जारी की गई है। प्रदेश में मौसम विभाग ने 15 से अधिक जिलों में ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया है। सोमवार की सुबह से ही आसमान पर काले घने बादल छाए रहे और सुबह से ही हल्की बारिश होती रही, यह बारिश रूक-रूक कर होती रही। इस दौरान सूरज आसमान पर दिखाई नहीं दिया, जिसके चलते उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की गई।

## खबर संक्षेप

### श्री सत्य साईं बाबा का 100 वां जन्म शताब्दी वर्ष आंध्रप्रदेश में



**बिलासपुर।** तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति की 18वीं बैठक महेंद्र कुमार पटनायक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कोषाध्यक्ष जी रविकन्ना ने बताया कि इस बैठक में श्री सत्य साईं सेवा समिति रायपुर छत्तीसगढ़ संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं डॉ टी रामाराव भी उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष डॉ अरुण कुमार पटनायक ने बताया कि आने वाले 23 नवंबर को श्री सत्य साईं बाबाजी का 100वां जन्म शताब्दी वर्ष प्रशांति निलयम, पुट्टपर्थी, आंध्रप्रदेश में किया जाएगा। इस शताब्दी जन्मोत्सव में देश-विदेश से लाखों भक्तजन आएंगे। उनके भोजन महाप्रसाद के लिए छत्तीसगढ़ को ईमली और काबुली चन्ना एकत्रित करने का जिम्मा मिला है। इसलिए तेलुगू संयुक्त समाज ने सहयोग राशि लगभग 13 हजार 101 रुपए एकत्रित किया है। इस सहयोग राशि को श्री सत्य साईं छत्तीसगढ़ संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष को सौंपा गया। बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ टी रामाराव, अध्यक्ष महेंद्र कुमार पटनायक, सचिव जे जगन पटनायक, व्ही मधुसूदनराव ने अजीवन सदस्यों के बारे में जानकारी दी। आज की बैठक में आर श्रीनिवास राव, एम श्रीनू पार्षद, के वेंकेंट, एस श्रीनिवास राव, ए ईश्वर राव, एन लोकेश, कमलेश कर्री, व्ही रवि, जगन मोहन, एन संतोष, बुड्डा रामाराव, जी सन्मुख राव, भीष्मा, जी व्ही नरसिंग मूर्ति, ए गनपति, एस टी श्रीनिवासन, अमरनाथ बद्री, एम रवि, श्रीनू, धर्माराव, पी श्रीनू, डी श्रीनिवास मूर्ति, टी सूर्या राव, व्ही ए राव, के हरि शंकर राव, सुरेश पटनाला, ए व्ही इन मूर्ति, पी एस नायडू, ए संदीप, डी एन प्रसाद, मदन कुमार नायडू, के अप्पल राजू, ए सी एस राव, पी कामेश्वर राव, शेखर नायडू, बी रमेश आदि मौजूद थे।

### राजनीतिक दलों की बैठक, विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी पर चर्चा



**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य किया जाना संभावित है। विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्वाचक नामावलियों के गहन पुनरीक्षण 2026 की तैयारी करने निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं बीएलओ के माध्यम से टेबल टॉप एक्सरसाइज करने की सूचना तथा विशेष गहन पुनरीक्षण के बारे में आयोग द्वारा जारी निर्देश की जानकारी देते हुए बूथ लेबल एजेण्ट की नियुक्ति निर्धारित प्रारूप में कराए जाने अवगत कराया गया । बैठक में इंडियन नेशनल कांग्रेस, भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवम बहुजन समाज पार्टी, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी एवं छत्तीसढ़ जनता कांग्रेस (जे) के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

### दुर्गोत्सव की तैयारियों को लेकर शांति समिति की बैठक

**बिलासपुर।** आगामी दुर्गोत्सव के मद्देनज़र शांति समिति और दुर्गोत्सव समिति की बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसपी रजनेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर एसपी ने नगरीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी से सद्भावना के साथ आम लोगों की सुविधाओं का ध्यान रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए ट्रैफिक व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहेगी। निर्देश दिए गए कि मंच और पंडाल सड़क पर न बनाए जाएं। पंडालों की सजावट और अन्य गतिविधियों के दौरान भी सार्वजनिक स्थानों पर बाधा उत्पन्न न करने की अपील की। एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था बाधित करने, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों और तेज आवाज में डीजे बजाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चालान काटा जाएगा। उन्होंने अपील की कि मल्टीलेवल पार्किंग का इस्तेमाल करें। निगम कमिश्नर अमित कुमार ने कहा कि सार्वजनिक स्थल पर आयोजन की अनुमति केवल निर्धारित नियमों के तहत ही मिलेगी। बैठक में अपर कलेक्टर शिवकुमार बनर्जी, डिप्टी कलेक्टर रजनी भगत, एसडीएम मनीष साहू, एडीशनल एसपी सिटी राजेंद्र जायसवाल, गगन कुमार, इरशाद अली, हबीब मेमन, सुधीर खण्डेलवाल, शेखर मुदलीयार आदि मौजूद थे।

### उत्कल एक्सप्रेस चलेगी डायवर्ट मार्ग से 1 अक्टूबर से

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के राउरकेला-कांसबहाल स्टेशन के बीच ट्रैक रिलेइंग ट्रेन टीआरटी मशीन से पटरियों को बदलने का कार्य किया जा रहा है। यह कार्य विभिन्न तिथियों 1 अक्टूबर से 15 दिसम्बर तक होगा। ट्रेन परिवर्तित मार्ग ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी कटक होकर चलाई जाएगी। इसमें रेलवे जोनल स्टेशन से होकर चलनी ट्रेन में 10, 17, 24, 31 अक्टूबर, 7, 14, 21, 28 नवंबर, 5 व 12 दिसम्बर को योगनगरी ऋषिकेश से चलने वाली गाड़ी 18478 योगनगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस, 13, 20, 27 अक्टूबर, 3, 10, 17, 24 नवंबर तक चलेगी। इसी तरह, 1, 8, 15 दिसम्बर को पुरी से चलने वाली 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा ईब एवं ईब होकर चलेगी।



### नवीन राशन दुकान खोलने आवेदन 19 तक

**बिलासपुर।** वार्ड नंबर 54 भक्त माता कर्मा नगर में नवीन शासकीय राशन दुकान खोलने के लिए 19 सितंबर तक आवेदन मंगाए गए हैं। खाद्य नियंत्रक ने बताया कि संबंधित वार्ड में नवीन शासकीय राशन दुकान खोले जाने सहकारी समितियां अथवा महिला स्व. सहायता समूह आवेदन करने की पात्रता रखते हैं। निजी व्यक्तियों को दुकान नहीं दिया जाएगा। निर्धारित प्रारूप में और सीलबंद लिफाफा में इच्छुक समूह जिला कार्यालय के खाद्य शाखा में उक्त तिथि तक आवेदन कर सकते हैं।

**आदेश का अनुपालन दूर-दूर तक नहीं आ रहा नजर** | **लगातार कार्रवाई के बाद भी शिक्षण संस्थानों के पास बिक रहे तंबाकू पदार्थ**

# स्कूलों के लिए 100 नंबर का मूल्यांकन चार्ट्स, बेहतर काम तो मिलेगी रैंकिंग

**बिलासपुर।** यूं तो शिक्षा विभाग ने शिक्षण संस्थानों में तंबाकू सेवन और उसके आसपास सिगरेट, गुटखा और तंबाकू की बिक्री पर पूरी तरह से रोक लगा दी है, लेकिन जिले में इस आदेश का अनुपालन दूर-दूर तक कहीं नजर नहीं आ रहा है। स्कूलों के गेटों पर धड़ल्ले से पान-मसाले, गुटखे और सिगरेट आदि की बिक्री हो रही है। कापी-किताब के साथ ही दुकानों पर नशे की यह सामग्रियां भी आराम से मिल जाती है। अब इस पर सख्ती की एक और कोशिश की जा रही है। सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के सामने 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का बोर्ड भी लगाना होगा। शैक्षणिक संस्थानों से सभी प्रमुख स्थानों यानी गेट, असेंबली ग्राउंड, खेल के मैदान आदि में तंबाकू मुक्त क्षेत्र या तंबाकू प्रतिबंधित क्षेत्र से जुड़े बैनर-पोस्टर लगाने कहा गया है। इसके साथ ही नशामुक्ति के लिए स्कूलों को 100 नंबर का स्वमूल्यांकन चार्ट दिया जा रहा है। साथ ही स्कूलों की सूची भी तैयार की गई है, जहां प्रशासन के अधिकारी और शिक्षा विभाग एनजीओ के साथ मिलकर जागरूकता अभियान भी चलाएंगे। अधिकारी जांचेंगे की स्कूल परिसर में तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के संबंध में पोस्ट व जागरूकता सामग्री लगाई गई है कि नहीं। 6 महीने में तंबाकू नियंत्रण संबंधी कोई गतिविधि स्कूल में आयोजित की गई है या नहीं। 100 गज की दूरी पर येलो लाइन बनाया जाना, मुख्य द्वार पर तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य किया गया है, वहीं जांच की जाएगी की परिसर में कहीं भी बीड़ी-सिगरेट के टुकड़े पान, तंबाकू, गुटके के दाग-धब्बे भी नहीं है। इन सभी के आधार पर स्कूल को रैंकिंग दी जाएगी। 100 नंबर के टेस्ट में पास होने वाले शिक्षण संस्थान को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाएगा।



#### इस तरह की है गाइडलाइन

- परिसर के अंदर 'तम्बाकू मुक्त क्षेत्र' का संकेत प्रदर्शित करना
- प्रवेश व सीमा पर 'तम्बाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' का बोर्ड प्रदर्शित करना
- परिसर में तम्बाकू के उपयोग का कोई प्रमाण नहीं होना
- तम्बाकू के नुकसान पर जागरूकता सामग्री की प्रदर्शनी
- हर छह महीने में कम से कम एक तम्बाकू नियंत्रण गतिविधि का आयोजन
- प्रत्येक कक्षा में तम्बाकू मॉनिटरों को नामांकित किया जाएगा
- स्कूल आचार संहिता में तम्बाकू मुक्त नीति को शामिल करना
- शैक्षिक संस्थानों के चारों ओर 100 गज की दूरी पर पीली रेखा बनाना

#### छात्रों पर भी लग सकता है जुर्माना

इस सख्ती के बाद कहा जा रहा है कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में तंबाकू का किसी भी तरह से इस्तेमाल करना छात्रों को भारी पड़ सकता है। जिसमें उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के साथ जुर्माना भी लग सकता है। इसके तहत प्रत्येक कक्षा में अब एक तंबाकू मॉनीटर की तैनाती की जाएगी, जो उस कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों में से ही कोई होगा। स्कूलों में यह नियुक्ति कक्षा नौ के बाद की कक्षाओं में दी जाएगी। इस दौरान तंबाकू मॉनीटर कक्षा में तंबाकू का इस्तेमाल करने वाले साथियों पर न सिर्फ नजर रखेगा, बल्कि इसकी जानकारी स्कूल या संस्थान के स्तर पर नियुक्ति तंबाकू मॉनीटर टीचर को देगा, जो बाद में आगे की कार्रवाई करेगा। इस मानिटर का नाम और नंबर बोर्ड पर प्रदर्शित होगा।

#### जागरूकता के साथ चेतावनी लिखी होगी

शहर में ही कई जगहों पर स्कूलों के आसपास या गेट के सामने पान और गुटखे की दुकानें मिले जाएंगी। समय समय पर इसके खिलाफ कार्रवाई भी होती है लेकिन फिर स्थिति जस की तस हो जाती है। अब एक बार फिर राज्य सरकार ने शैक्षणिक संस्थाओं के पास गुटखा और तंबाकू बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इसके तहत शिक्षण संस्थान से 100 गज के दायरे में तंबाकू पदार्थ बेचना दंडनीय अपराध किया गया है। इसके साथ ही स्कूल के मेन गेट पर एक बोर्ड लगाना आवश्यक किया गया है जिसमें इस संबंध में जागरूकता के साथ ही चेतावनी लिखी होगी।

#### लगाना होगा बोर्ड

सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों के सामने 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का बोर्ड भी लगाना होगा। शैक्षणिक संस्थानों से सभी प्रमुख स्थानों यानी गेट, असेंबली ग्राउंड, खेल के मैदान आदि में तंबाकू मुक्त क्षेत्र या तंबाकू प्रतिबंधित क्षेत्र से जुड़े बैनर-पोस्टर लगाने कहा गया है। अलग से नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति की गई है।

- विजय तांडे,
जिला शिक्षा अधिकारी

# भारत के विकास में महत्वपूर्ण है इंजीनियर्स की भूमिकाः अटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**अभियंता दिवस**

डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में मोक्ष गुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर इंजीनियरिंग पर केंद्रित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिसमें रंगोली, पोस्टर, कोडिंग, सॉफ्टवेयर मेकिंग, प्रतियोगिता सहित अनेक प्रतियोगिता शामिल है।

इस अवसर पर कोटा विधायक एवं इंजीनियर अटल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों से कहा कि भारत के विकास में इंजीनियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इंजीनियर समाज की आधारभूत संरचनाओं के निर्माता हैं। पुल, सड़कें, विद्युत संयंत्र, संचार और डिजिटल नेटवर्क सब इंजीनियरों की देन है। तकनीकी शिक्षा और नवाचार प्रमुख आधार स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय कोटा क्षेत्र के लिए वरदान है । उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि यहां के छात्र-छात्राएं अपने नवाचार से देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। समकुलपति डॉ जयति चटर्जी ने कहा कि आज पूरी दुनिया इंजीनियरों से ही चल रही है। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा किसी भी राष्ट्र की प्रगति की नींव होती है।



#### छात्रों को रोजगार देने योग्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध : कुलपति

कार्यक्रम के अध्यक्ष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि यह विश्वविद्यालय अपने नाम के अनुरूप विज्ञान और तकनीकी शिक्षा में निरंतर अग्रणी बनने का प्रयास कर रहा है। इंजीनियर डे महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया को स्मरण करने का अवसर है। उनकी दूरदर्शिता, ईमानदारी और कार्यकुशलता हम सबके लिए प्रेरणा है। आज की दुनिया में तकनीकी ज्ञान तेज़ी से बदल रहा है। ऐसे में हमें अपने पाठ्यक्रम और शोध पद्धतियों को समयानुकूल बनाना होगा। विश्वविद्यालय ने हाल ही में विभिन्न उद्योगों के साथ समझौते किए हैं ताकि छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक अनुभव मिले। हमारे इंजीनियरिंग संकाय में शोध, नवाचार और स्टार्टअप पर विशेष बल दिया जा रहा है। हम छात्रों को केवल रोजगार पाने योग्य नहीं बल्कि रोजगार देने योग्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंजीनियर डे पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम ज्ञान, कौशल और मूल्यों के संतुलन से भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। इंजीनियरिंग के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार तिवारी ने विश्वविद्यालय के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी । कार्यक्रम का संचालन ज्योइता मुखर्जी ने किया। आभार प्रगट, डॉ विवेक शुक्ला ने किया।

आज की दुनिया में विज्ञान और तकनीक के बिना कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। हमारी जिम्मेदारी है कि हम छात्रों को गुणवत्ता-पूर्ण शिक्षा के साथ कौशल भी दें। विश्वविद्यालय ने हमेशा नवाचार और शोध को प्रोत्साहित किया है। इंजीनियरिंग के विद्यार्थी केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित न रहें बल्कि प्रयोगात्मक और प्रोजेक्ट आधारित सीख पर ध्यान दें।

# विकास संस्कृति साहित्य महोत्सव ने किया सम्मान व विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतरत्न डॉ एम विश्वेसरैया की जयंती अभियंता दिवस के रूप में मनाया गया। विकास संस्कृति अभियंता अकादमी ने विकास संस्कृति साहित्य महोत्सव में विकास संस्कृति अभियंता अकादमी एवं डिग्री इंजीनियर्स एसोसिएशन के अभियंता सदस्यों में इंजी एम के जैन, इंजी एके सोनी तथा इंजीनियर मनीष राठौर ने डॉ एम विश्वेसरैया के जीवन को प्रेरणादायक निरूपित किया।

उन्होंने भारत के नवनिर्माण से सम्बन्धित कई तकनीकी पुस्तकों की रचना की। मुख्य अतिथि आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री तथा विशेष अतिथि पूर्व बी डी ए चेयरमैन अनिल टाह, डॉ जितेन्द्र कुमार सिंह संजय, इन्जी आलोक अग्रवाल थे। अध्यक्षता साहित्यकार डॉ.बृजेश सिंह ने की। पर्यावरण विमर्श पर केन्द्रित तथा डॉ.बृजेश द्वारा सम्पादित दो शोधग्रंथ 'पर्यावरण विमर्श की वैचारिक पृष्ठभूमि और जल संरक्षण' व 'जल पर्यावरण विमर्श' के साथ-साथ डॉ रविन्द्र पुंजाराम ठाकरे का पी-एच डी शोधग्रंथ 'राष्ट्रकवि बृजेश सिंह की गजलों में पर्यावरण विमर्श' का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री ने कहा कि पर्यावरण का क्षरण आज विश्व की सबसे ज्वलंत समस्या है, जिसके उपचार के संबंध में अभियंतागण को सामने आने की आवश्यकता है। विमोचित पुस्तकों में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित समुचित समाधान सुझाया गया है। 'डॉ.बृजेश सिंह की गजलों में व्यंग्य विधान' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन डॉ रविन्द्र पी ठाकरे तथा डॉ जे एस मोरे के आतिथ्य में किया गया। मुख्य वक्ता डॉ संतोष पगार व प्रा बी एन शेलके थे।



#### इन साहित्यकारों का हुआ सम्मान

अकादमी द्वारा तीन साहित्यकारों को सम्मान राशि सहित राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित किया गया। उनमें शोभा टाह नामित पर्यावरण प्रज्ञा सम्मान डॉ रविन्द्र पी ठाकरे महाराष्ट्र, राजर्षि कल्याण सिंह नामित विद्यावारिधि सम्मान आचार्य चंद्रशेखर शास्त्री दिल्ली तथा अभियंता सूर्यभान सिंह नामित साहित्य महोदधि सम्मान डॉ जितेन्द्रकुमार सिंह संजय उत्तरप्रदेश को प्रदत्त किया गया। इसके अतिरिक्त प्राध्यापक डॉ जे एस मोरे को 'विकास संस्कृति अनुवाद सम्मान', डॉ संतोष पगार एवं प्रा बी एन शेलके को 'पर्यावरण मित्र' सम्मान तथा पर्यावरण समीक्षा सम्मान से डॉ एल सी मढ़रिया, इंजी एमपी साहा, इंजी मनीष राठौर, इंजी एम के जैन, इंजी एस बी तिवारी, डॉ अनिता सिंह को सम्मानित किया गया। विकास संस्कृति अभियंता सम्मान से इंजी आलोक अग्रवाल, समाज सेवा सम्मान से इंजी उमाकांत मिश्रा तथा महाराणा रत्न सम्मान से देवेश सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छ ग डिग्री इंजीनियर्स एसोसिएशन के प्रांतीय महासचिव मनीष राठौर , उपाध्यक्ष राजेन्द्र साहू, बिलासपुर जिलाध्यक्ष अखिलेश राठौर,सदस्य रॉकी कामले आदि मौजूद थे।

# भविष्य में एक अच्छा और जिम्मेदार इंजीनियर बनें

**बिलासपुर।** शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में एम विश्वेश्वरैया के 164 वीं जयन्ती के अवसर पर अभियंता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकारी निदेशक राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम सीपतइंजी विजय कृष्ण पांडेय, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मीकान्त सिंह राठौर, संत कुमार नेताम तथा विकास मल्होत्रा उपस्थित रहे। एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ टीपीएस अरोरा, संस्था के भूतपूर्व प्राचार्य एवं उपाध्यक्ष डॉ बी एस चावला, रजनीकांत अवस्थी, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, राज कुमार अग्रवाल उद्यमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्राचार्य डॉ एस के सिंघई ने अपने उद्बोधन में समस्त श्रोताओं को अभियंता दिवस की बधाई देते कहा कि छात्र छात्राएँ विश्वेश्वरैया के जीवन से प्रेरणा ले एवं भविष्य में एक अच्छा एवं जिम्मेदार इंजीनियर बनें उन्होंने छात्र छात्राओं से आह्वान किया कि वे कार्यक्रम में उपस्थित समस्त वक्ताओं को ध्यान से सुनें एवं मार्गदर्शन प्राप्त करें। उन्होंने नवाचार तथा परिस्थिति के अनुसार ढलने एवं समय प्रबंधन करने के सम्बन्ध में भी छात्र छात्राओं का बहुमूल्य मार्गदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि एक सफल इंजीनियर वह होता है जिसके पास मजबूत विश्लेषणात्मक और समस्या समाधान कौशल हों, जो नई तकनीकों और आविष्कारों में योगदान दे। जिसका कार्य समाज पर गहरा प्रभाव छोड़े। भविष्य का निर्माण वर्तमान की इंजीनियरिंग करके किया जा सकता है। महान इंजीनियर केवल निर्माण नहीं करते वे जीवन को बदल देते हैं।




# आज के इंजीनियर कल के बेहतर निर्माता भी

**बिलासपुर।** चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज में नवाचार और रचनात्मकता का उत्सव अभियंता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक, सबस्टेशन, सीएसपीटीसीएल कल्पना घाटे बिलासपुर, विशिष्ट अतिथि मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग संजय सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौकसे कॉलेजेस के प्रबंध निदेशक डॉ आशीष जायसवाल ने की।

प्राध्यापक संजय वैद्य ने सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जीवन परिचय तथा उनकी उपलब्धियों की जानकारी दी । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नितिन जैन ने कहा कि एक सफल इंजीनियर वह होता है जिसके पास मजबूत विश्लेषणात्मक और समस्या समाधान कौशल हों, जो नई तकनीकों और आविष्कारों में योगदान दे। विशिष्ट अतिथि संजय सिंह ने कहा कि इंजीनियर केवल तकनीशियन नहीं हैं, वे एक बेहतर कल के निर्माता हैं। मुख्य अतिथि कल्पना घाटे ने कहा कि यह देश के सबसे सम्मानित इंजीनियरों में से एक सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती का प्रतीक है। मुख्य अभियंता श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर नवाचार और सटीकता के माध्यम से सपनों को वास्तविकता में बदलते हैं। इंजीनियर केवल तकनीशियन नहीं हैं, वे एक बेहतर कल के निर्माता हैं। महाविद्यालय के मुख्य संरक्षक डॉ आशीष जायसवाल ने कहा की इंजीनियर दिवस एक उत्सव से कहीं अधिक है यह उन दिमागों को स्वीकार करने का क्षण है। अभियंता दिवस के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता के पॉवर चैलेंज (प्लैंक) बालक वर्ग में कामेश कुमार कर्ष प्रथम, मोहम्मद अर्कम राजा द्वितीय, बालिका वर्ग में प्रथम श्रद्धा मिश्रा तथा तेजस्वी साहू द्वितीय रही । फेस पेंटिंग में प्रथम स्वेता राव तथा अपर्णा साव ने द्वितीय अनजनी वस्त्रकार तथा मुस्कान गुप्ता रहीं। गायन प्रतियोगिता में प्रथम ऋषि राज तथा द्वितीय भावेश बरेठ ने प्राप्त किया । नृत्य प्रतियोगिता ग्रुप में प्रथम अक्षत श्रीवास्तव एवं ग्रुप तथा द्वितीय सत्यम झा एवं ग्रुप सीएसई विभाग ने प्राप्त किया ।



**केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने ली अफसरों की बैठक**

# विकास कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता जरूरी : आर्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

केंद्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने आज जिला कार्यालय मंथन सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने अनुसूचित जनजातियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं में प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले में जनजातीय क्षेत्रों में संचालित योजनाओं, विकास कार्यों, और हितग्राहियों की स्थिति की जानकारी दी। वनाधिकार पट्टे वितरण, पीएम जनमन योजना, जनजातीय छात्रावासों की स्थिति, पोषण आहार वितरण, स्वास्थ्य सुविधाएँ, रोजगार सृजन, और आदिवासी युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। श्री आर्या ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनजातीय समुदाय तक योजनाओं की सीधी पहुँच सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित व्यक्तिगत और सामुदायिक पट्टों के आवेदनों का शीघ्र निराकरण किया जाए। बैठक में एसएसपी ने भी जानकारी दी।



#### जनजातीय क्षेत्रों का दौरा करे अफसर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि दिसंबर तक पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत मकान पूर्ण कर लिए जाएंगे। इसी प्रकार मार्च 2026 तक सभी स्वीकृत सड़कों का निर्माण कर लिया जाएगा। जनजातीय क्षेत्रों का लगातार दौरा करने कहा ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति और पारदर्शिता आए। उन्होंने मनरेगा के तहत करंज, नीम जैसे छायादार पौधे लगाने कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति में सुधार, विशेष रूप से दूरस्थ क्षेत्रों के आदिवासी बच्चों के लिए छात्रावास, पाठ्यपुस्तक व छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएँ समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

#### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने धर्मांतरण पर जताई चिंता

अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने सोमवार को कलेक्टोरेट में पत्रकारों से चर्चा करते हुए धर्मांतरण को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने धर्मांतरण मुद्दा पर चिंता जताते हुए कहा कि आदिवासी और अन्य समाज के लोगों को जबरन प्रलोभन देकर धर्मांतरित किया जा रहा है।

अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंतर सिंह आर्या ने बताया कि धर्मांतरण के मुद्दे पर जशपुर के एक वकील ने भी याचिका दायर की है। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण की गतिविधियां समाज व संस्कृति के लिए गंभीर खतरा है। श्री आर्या ने कहा कि मैं आदिवासी हूं और हिन्दू हूं। हम सभी आदिवासी हिन्दू हैं और भगवान राम को मानते हैं। भगवान राम जब वनवास में थे तब उन्होंने आदिवासी राजा के घर में रात्रि विश्राम किए थे। आदिवासी समाज मूलतः हिन्दू धर्म का ही हिस्सा है।

### साइंस कॉलेज मैदान में होगा 101 फीट के रावण का दहन, होगी आतिशबाजी

**बिलासपुर।** साइंस कॉलेज मैदान में इस बार का दशहरा उत्सव भव्य और आकर्षक होने जा रहा है। अरपांचल दशहरा उत्सव समिति और अरपांचल विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 101 फीट के रावण का दहन किया जाएगा।

आयोजन समिति के सिद्धार्थ भारती ने बताया कि समिति द्वारा दशहरा उत्सव कार्यक्रम के दौरान 2 घंटे तक भव्य आतिशबाजी की व्यवस्था की गई है। अरपांचल क्षेत्र को रचनात्मक के साथ एकता के सूत्र में बांधने के उद्देश्य से इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में अरपांचल क्षेत्र के युवाओं एवं नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित होगी। आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए समिति तैयारी में जुटी हुई है। 101 फीट का रावण तैयार किया जा रहा है। भव्य आतिशबाजी के साथ रावण का दहन किया जाएगा। मैदान को आकर्षक लाइट के साथ सजाया जाएगा। मंच निर्माण के साथ अन्य अनुषांगिक व्यवस्था की तैयारी की जा रही है। इसके अलावा दशहरा उत्सव कार्यक्रम के दौरान रचनात्मक गतिविधियों के लिए बाहर से कारीगरों को भी बुलाया गया गया है। इसके अलावा श्री राम, जानकी, लक्ष्मण, हनुमान की झांकी की भी तैयारी की जा रही है।

## खबर संक्षेप



### सिलपहरी स्कूल के बच्चों ने चखा स्वादिष्ट व्यंजन

**सिलपहरी।** ग्राम सिलपहरी में स्व.गोकुल राम नेताम की स्मृति में पूर्व उपसरपंच मीना नन्दकुमार नेताम के सौजन्य से उनके पौत्र अविनाश के के द्वारा सिलपहरी स्कूल में न्योता भोज का आयोजन किया गया। ग्राम के सरपंच टीकाराम यादव ने बताया कि नेताम परिवार का यह कार्य बहुत ही नेक व सराहनीय है। सभी लोगों को अपने सुख एवं दुख के कार्यों में ऐसा आयोजन करना चाहिए। इस मौके पर शाला प्रांगण मे 50 पौधे रोपित किए गए। मेहमानों के द्वारा बच्चों को स्वादिष्ट भोजन परोसा गया।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सरगांव।** थाना सरगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत सल्फा में एक अधेड़ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम सल्फा निवासी रामलाल निषाद, आयु 56 वर्ष, ने 6 सितम्बर की शाम लगभग 7:30 बजे अपने घर में नेवाड़ की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों ने तत्काल सरगांव पुलिस को अवगत कराया। पुलिस दल ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम हेतु सरगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है।

## निधन

### ज़ेबुन निशा भारमल



**बिलासपुर।** ईदगाह चौक निवासी ज़ेबुन निशा भारमल पति स्वर्गिय हसन अली भारमल रेलवे वाले का 15 सितंबर को इंतकाल हो गया। जिनकी जनाज़े की नमाज़ 15 सितंबर को रात 11 बजे को बोहरा कब्रिस्तान ख़परगंज में अदा की गई। वे मरहूम मुर्तुजा भाई भारमल की वालिदा एवं हाशिम भाई भारमल, शब्बीर भाई भारमल, ताहेर भाई भारमल की चाची थीं।

### रामनारायण देवांगन



**तखतपुर।** वार्ड क्रमांक 9 मेन रोड निवासी नारायण देवांगन 75 वर्ष का 15 सितम्बर को निधन हो गया। वे शाश्वत देवांगन संजय देवांगन के पिता एवं आदित्य देवांगन के दादा थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### सुरेंद्र सोनी



**मुंगेली।** सोनार पारा निवासी सुरेंद्र सोनी का 15 सितम्बर को दोपहर 2 बजे निधन हो गया। वे पूर्व एल्डरमैन चन्द्रिका सोनी, द्वारिका एवं शैलेन्द्र के भाई एवं अथर्व, प्रांशु के पिता तथा अमित, दिवाकर के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार कल 16 सितम्बर को दोपहर 12 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम बुधवारी बाजार में किया जाएगा।

### जसपाल सिंह ठाकुर



**मुंगेली।** बड़ा बाजार निवासी जसपाल सिंह ठाकुर गप्पू उम्र 33 वर्ष का 15 सितम्बर को आकस्मिक निधन हो गया। वे योगेश्वर सिंह, राजेश्वर सिंह, यशपाल सिंह के भतीजे और कमलेश्वर सिंह पिंटू, मोनू के छोटे भाई थे। उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर सामाजिकजन एवं नागरिक उपस्थित थे।

## विधायक, कलेक्टर, एसपी ने किया शहादत को नमन

# वीरेंद्र की शहादत को अमर बनाने नरगोड़ा को शहीद ग्राम का दर्जा जरूरी

**प्रतियोगिता के विजेता पुरस्कृत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

ग्राम नरगोड़ा में सोमवार को भारतीय सेना के वीर शहीद लांस नायक वीरेंद्र कुमार कैवर्त के शहादत दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया समेत कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, जिपं सदस्य राजेन्द्र धीवर, सरपंच कविता शिव मरावी सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान बिलासपुर से नरगोड़ा तक रैली निकाली गई। वहां अतिथियों ने ध्वजारोहण कर शहीद वीरेंद्र को श्रद्धांजलि अर्पित की। अतिथियों ने शहीद के माता पिता को साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि शहीद वीरेंद्र की वीरता और बलिदान हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। नरगोड़ा ग्राम को 'शहीद ग्राम' का दर्जा दिलाने के लिए मैं विधानसभा में प्रस्ताव रखूंगा। यह हमारी जिम्मेदारी है कि आने वाली पीढ़ी उन्हें याद रखे। बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि शहीद वीरेंद्र की शहादत हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनका नाम आने वाली पीढ़ियों के लिए हमेशा ऊर्जा और साहस का प्रतीक रहेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गुंडरदेही विधायक एवं निषाद केंवट समाज के प्रदेशाध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि नरगोड़ा की धरती ने एक ऐसा सपूत दिया जिसने मातृभूमि के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। समाज और प्रदेश की ओर से हम उनके परिजनों को सदैव सम्मान और सहयोग का भरोसा दिलाते हैं। जिपं सदस्य राजेन्द्र धीवर ने मांग रखी कि नरगोड़ा में शहीद वीरेंद्र के नाम से एक मिनी स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए, ताकि युवाओं में खेल और देशभक्ति की भावना और प्रबल हो। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और क्रिकेट स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ब्लड डोनेशन कैंप का भी आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और ग्रामीणों ने रक्तदान कर शहादत को सेवा में बदलने का संदेश दिया. विशिष्ट अतिथियों में नेहरू निषाद (पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष, छग), भरत लाल मटियार (अध्यक्ष, मछुवा कल्याण बोर्ड), जिपं अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी , नरगोड़ा कृषि समिति अध्यक्ष द्वारिका शान्डे , पंचायत सचिव ईश्वरी विजय, रोजगार सहायिका सुभद्रा गोस्वामी, पंच प्रमित कोरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सैनिक कल्याण बोर्ड बिलासपुर संभाग , जनप्रतिनिधि सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

### मिडिल स्कूल होगा शहीद के नाम पर

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने घोषणा की कि बिलासपुर शहर के एक गार्डन का नाम शहीद वीरेंद्र के नाम पर रखा जाएगा। साथ ही नरगोड़ा के मिडिल स्कूल का नामकरण भी शहीद के नाम से करने का प्रस्ताव भेजा गया है। जिला प्रशासन हमेशा शहीद परिवार और गांव के साथ खड़ा है। एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि सेना के जांबाज शहीद वीरेंद्र हमारी पीढ़ियों के आदर्श हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग और सुरक्षा का संकल्प लिया गया है।

### शहीद के भाई ने की मांग

शहीद वीरेंद्र के शहादत दिवस पर शहीद के छोटे भाई गजेंद्र कैवर्त ने ग्राम नरगोड़ा एवं आसपास के युवाओं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद मैदान, मिनी स्टेडियम की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि क्षेत्र में खेलकूद मैदान उपलब्ध होगा तो यहां के विद्यार्थी और युवा खेल गतिविधियों में सक्रिय होकर खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से राज्य और देश स्तर पर भाग लेकर अपना भविष्य संवार सकेंगे तथा गांव और क्षेत्र का नाम रोशन कर सकेंगे।

## धूमधाम से मनाया गया धर्मजीत का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। समर्थकों ने कई स्थानों पर केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान श्री सिंह विविध कार्यक्रमों में शामिल हुए।

जनपद सदस्य रंजना तुलसी कौशिक एवं अमसेना सरपंच रोशनी मानिकपुरी के नेतृत्व में प्रतीक चिन्ह दे कर विधायक धर्मजीत सिंह का स्वागत किया गया। स्वागत करने वालो में प्रमुख रूप से मंडल महामंत्री तुलसीराम कौशिक,विनोद दास मानिकपुरी, अजित गढेवाल ,गणेश कौशिक,गोरेलाल लिबर्टी उपस्थित थे। गनियारी भाजपा मंडल महामंत्री बलराम पटेल सरपंच लोखंडी के नेतृत्व में जनपद सभापति परमेश्वर पटेल,बसंत गढ़ेवाल ,अश्वनी पटेल ,दीपक रजक, अजय पटेल,,राहुल पटेल, बॉबी पटेल ,शैलेन्द्र पटेल कृष्णा पटेल द्वारा माल्यार्पण कर आतिशबाजी के साथ जन्मदिन मनाया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं शिक्षक कालोनी बिलासपुर के अध्यक्ष अनिल पप्पू शर्मा के नेतृत्व में विनोद शर्मा,मधुसूदन शर्मा,सुरेन्द्र दुबे,सुधांशु शर्मा,अंकित शर्मा द्वारा जन्मदिन मनाया गया। भाजपा पार्षद संजय यादव के नेतृत्व में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह को गदा भेंट कर स्वागत किया गया इस अवसर पर जोन अध्यक्ष रंगा नादम, विशाल विक्की सिंह, गनियारी मंडल महामंत्री बलराम पटेल उपस्थित थे। मआईसी सभापति कुसुम महाबली कोसले के नेतृत्व में छत्रदेव कोसले,राजेश यादव,राधेश्याम यादव,शेर सिंह डांगी,उत्तरा साहू द्वारा जन्मदिन की अवसर पर विधायक का स्वागत किया गया।

भाजपा नेता विनय श्रीवास के नेतृत्व में विधायक धर्मजीत सिंह का स्वागत किया गया इस अवसर पर शुभचंद डहरिया ,राज कश्यप ,कमल सिंह ,निखिल श्रीवास ,प्रियांशु बारले,दिनेश श्रीवास उपस्थित थे। भाजपा मंडल महामंत्री किसान मोर्चा राज कमल साहू के नेतृत्व में विधायक धर्मजीत सिंह का स्वागत किया गया इस अवसर पर जिला कार्यसमिति सदस्य देवीलाल साहू , राजाराम साहू , राजेश टंडन ,ताराचंद साहू खरकेना, योगेश साहू खरकेना, सतीश साहू छतौना उपस्थित रहे। शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश वस्त्रकार एवं सतीश अवस्थी के नेतृत्व में विधायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सरपंच द्वय किरण वस्त्रकार भरनी, खेलू लहरें,परमानंद बघेल,अमित कौशिक, सूरज वस्त्रकार उपस्थित थे।सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ पाण्डेय एवं उमा तावड़कर के नेतृत्व में भी विधायक धर्मजीत सिंह का स्वागत किया गया।


राजकमल साहू ने भेंट की तस्वीर।


संजय यादव, विक्की सिंह ने भेंट किया गदा।


विनय श्रीवास, शुभचंद डहरिया स्वागत करते हुए।


कुसुम महाबली कोशले ने दी शुभकामनाएं।


संतोष कौशिक व राकेश तिवारी ने किया सम्मान।

## एसडीएम ने किया जपं कार्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

एसडीएम अरुण कुमार खलखो ने सोमवार को अचानक जनपद पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। इस औचक जांच से हड़कंप मच गया क्योंकि निरीक्षण में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को छोड़कर कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नहीं मिला। जनपद के सीईओ खुद अनुपस्थित थे।

गुरुवार को अपना पदभार संभालने के बाद श्री खलखो ने अपनी पहली ही कार्रवाई में सरकारी तंत्र की सुस्त चाल पर प्रहार किया। सुबह के तय समय पर जब जनपद ऑफिस पहुंचे, तो उन्हें सीट पर कोई नहीं मिला। जनता अपने कामों के लिए भटक रही थी, लेकिन जनता के सेवक अपनी ड्यूटी से नदारद थे। इस लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया। संतोष जनक जवाब नहीं मिला तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मंगलवार से सभी कर्मचारी तय समय पर दफ्तर पहुंचें। वहीं जनपद पंचायत कार्यालय में कुल उन्तीस कर्मचारी है। जिसमें से सभी नदारद थे। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। मनरेगा कार्यालय में कुल 29 से कोई भी स्टॉफ कार्यालय नहीं पहुंचा था। एसडीएम ने कहा कि ग्रामीण लोग अपने कामों के लिए रोज़ाना यहां आते हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि उनके काम आसानी से हों।



## कृषि अधिकारी संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**मल्हार।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ बिलासपुर ने सोमवार को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों की लंबित मांगों को लेकर जिले के मस्तूरी ,बिल्हा, तखतपुर ,कोटा व बिलासपुर के एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उद्यानिकी विस्तार अधिकारी संघ के सदस्यों ने भी समर्थन किया और उपस्थित रहे।

संघ के जिलाध्यक्ष दिग्विजय सिंह क्षत्री ने बताया कि प्रदेश के कृषि विभाग में कार्यरत इन अधिकारियों की नौ सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर 8 एवं 9 सितम्बर को प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया गया था। इस दौरान संघ द्वारा काली पट्टी लगाकर कार्य निरंतर जारी रखा गया। अब तक शासन स्तर पर उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। संघ के सदस्यों ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के नाम सभी एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर लंबित मांगों को पूरा करने मांग की है। साथ ही सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि विकास अधिकारी द्वारा सोमवार से ही बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य बंद रखा जाएगा जिससे किसानों के धान पंजीयन सत्यापन, खाता सुधार, पीएम किसान इकेवाईसी आदि महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित होंगे। संघ के सदस्यों ने शासन से जल्द मांग पूरा करने मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मस्तूरी ब्लॉक अध्यक्ष मनोज खांडेकर, बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष विजय सूर्यवंशी, कोटा ब्लॉक अध्यक्ष कौशलचंद्र शर्मा, तखतपुर ब्लॉक अध्यक्ष असित तिर्की, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, उमेश यादव, पुरुषोत्तम राठौर, हेमकुमार डहरिया, दीपक कौशिक, सुजीत कंवर, अजय सिंह, मणिशंकर तिवारी, प्रीतम अनंत, पुष्पेंद्रधर दिवान ,सतीश खरे , शशिकांत सहारे,बलभद्र परिहार,जागेश्वर मिश्रा, कलेश्वर बंजारे, निशा चंदेल, ममता भगत, वर्षा दुबे, स्नेहा पाल, पिंकी साहू, दीप्ति भारद्वाज, विजेंद्र सिंह, नवीन मेश्राम, मनीष केरकेट्टा सहित आदि कृषि अधिकारी उपस्थित रहे।


मस्तूरी एसडीएम प्रवेश पैकरा को ज्ञापन देते हुए कृषि अधिकारी।

## नृसिंह देव मंदिर में प्रज्जवलित होंगे आस्था के ज्योत

**बिलासपुर।** ग्राम हाफा स्थित सिद्ध बघर्रा पाठ महाराज नृसिंह देव का मंदिर में चैत्र और क्वॉर दोनों नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाते हैं।

इस बार काशी पंचांग के अनुसार चतुर्थी तिथि की वृद्धि के कारण यह पर्व दस दिनों का होगा। आचार्य धनेश उपाध्याय ने बताया कि देवी भागवत महापुराण के अनुसार जब रविवार और सोमवार के दिन माता का आगमन होता है तो माता का वाहन हाथी होता है। यानी इस बार 22 सितंबर दिन सोमवार को मां दुर्गा का आगमन हाथी से हो रहा है जो अत्यंत ही शुभ और समृद्धिदायक माना जा रहा है। इस बार शारदीय (क्वॉर) नवरात्रि पर्व 22 सितंबर दिन सोमवार से 1 अक्टूबर दिन बुधवार तक है एवं 30 सितंबर दिन मंगलवार को अष्टमी हवन और 1 अक्टूबर को नवमीं पूजा एवं कन्या भोज के पश्चात भंडारा एवं संध्या 4:00 बजे कलश विसर्जन किया जाएगा। आचार्य ने बताया कि प्रतिदिन भजन कीर्तन जस गीत एवं भंडारा रहेगा। इच्छुक भक्त पंजीयन कराकर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित करा सकते हैं। पंजीयन शुल्क घृत ज्योति कलश 2051 रुपए एवं तेल ज्योति कलश 851 रुपए है। इच्छुक भक्त आचार्य धनेश उपाध्याय से संपर्क कर सकते हैं।



## पीएम आवास कार्य पूर्ण नहीं करने वालों को फटकार

**तखतपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कार्य पूर्ण नहीं करने वाले हितग्राहियों को अनुविभागीय अधिकारी ने फटकार लगाई। उन्होंने शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार हितग्राही बालमुकुंद, रतन, सुरेखा, जानकी ग्राम पंचायत चोरभटठीखुर्द, राजकुमारी सूर्यवंशी, राजीन बाई, रेखा बाई, रामचरण सूर्यवंशी, हरीस, राजकुमार वस्त्रकार, राजकुमारी, सावित्री, विजय यादव, नितू ग्राम पंचायत चोरभटठीकला, राजू, मनोज कुमार टण्डन, कंचन ग्राम पंचायत कुरेली, व रितेश मिरी, रोशन लाल बंजारे, नरोत्तम दास बंजारे ग्राम पंचायत टांडा का आवास स्वीकृत हुआ था, जिनको द्वितीय किश्त की राशि प्रति हितग्राही 95 हजार का भुगतान हो गया है, किन्तु संबंधित हितग्राहियों के द्वारा आवास निर्माण कार्य विगत 1 वर्ष से अपूर्ण है, जिसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा) तखतपुर के द्वारा 8 सितंबर को आवास पूर्ण कराने हेतु नोटिस जारी किया गया था। जारी नोटिस उपरांत आज 15 सितंबर को सभी हितग्राही अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर आवास निर्माण नहीं किए जाने के संबंध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा उक्त सभी हितग्राहियों को आवास निर्माण पूर्ण नहीं किए जाने पर फटकार लगाई गई और शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।


हितग्राहियों से चर्चा करते अफसर।

## दो बाइक की आपस में भिड़ंत, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**पथरिया।** नगर से कुछ किलोमीटर दूर ग्राम सिलतरा मोड़ के पास दिन सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे दो बाइक आमने सामने भिड़ गईं। इस भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल हो गया है। पथरिया थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा के अनुसार ग्राम पिपरलोड निवासी लीला यादव पिता मिला राम यादव उम्र 56 वर्ष बाइक क्रमांक सीजी 28 बी 9209 से पथरिया की ओर से ग्राम सोनपुरी पितर कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान ग्राम कपूवा की ओर से दूसरी बाइक से केशव टंडन पिता लक्ष्मी निवासी उम्र 25 ग्राम कपूवा, थाना पथरिया जो अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एए 3289 से बिजली का सामान लेने पथरिया नगर जा रहा था। दोनों बाइक आमने सामने से भिड़ गईं। जिससे लीला यादव की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक के चालक केशव गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पथरिया सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया लाया गया। जहाँ घायल युवक को बिलासपुर रिफर कर दिया गया। मृतक युवक लीला यादव का पीएम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।



## क्षत्रिय राठौर समाज के कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोपका

ग्राम गतौरा में नव निर्वाचित क्षत्रिय राठौर समाज बिलासपुर ग्रामीण की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सात गांव के राठौर समाज के पदाधिकारी और जिला ग्रामीण पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में रही। इस दौरान सात गांवों की पहली बैठक भी हुई, जिसमें आगामी बैठक में कार्यकारणी सदस्यो का विस्तार करने का निर्णय लिया गया।

इस मौके पर जिला ग्रामीण अध्यक्ष धनंजय सिंह राठौर ने सभी ग्राम में राठौर भवन के लिए जगह चयन करने एवं भवन बनाने को लेकर लिए विचार रखा, जिसको लेकर सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही रविवार को बिलासपुर के लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित प्रतिभावान छात्रों के सम्मान समारोह में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण के लिए एक वृक्ष लगाकर उसको संरक्षित करने का लिए संकल्प लिया गया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने नरेंद्र राठौर का आभार व्यक्त किया। सभी पदाधिकारियों को श्रीफल और साल देकर सम्मानित किया गया। सुरेश कुमार राठौर की अगुवाई में धनंजय सिंह राठौर अध्यक्ष, राजेन्द्र राठौर कार्यकारिणी अध्यक्ष, कृष्णकुमार राठौर उपाध्यक्ष, संतोष राठौर उपाध्यक्ष, नागेन्द्र सिंह सचिव, अनिल राठौर सह सचिव, किशोर राठौर कोषाध्यक्ष, आनंद राठौर सह कोषाध्यक्ष बने। साथ ही कार्यकारणीय सदस्यों की भी नियुक्ति की गई, जिसमें रोज राठौर, अशोक राठौर, उमेश राठौर, बजरंग राठौर, कृष्ण कुमार राठौर, नंद कुमार राठौर, पंकज राठौर, वीरेन्द्र राठौर, संजय राठौर, गणेश राठौर, बाबा राठौर, नीलकंठ राठौर, नरेंद्र कुमार राठौर, विनोद राठौर एवं मीडिया प्रभारी के पद पर दिग्विजय सिंह राठौर को चयनित किया गया। सम्मान समारोह में पधारे अतिथियों में दशरथ सिंह राठौर, तिरीथ राम राठौर, रामेश्वर राठौर, देव लाल, राम गोपाल राठौर, कृष्णा राठौर, श्नरेन्द्र कुमार राठौर, बैजनाथ राठौर, राजेश राठौर, दारा सिंह, शैलेन्द्र राठौर, शिवा राठौर, प्रेम शंकर राठौर, रामफल राठौर, चन्द किशोर राठौर, संजय राठौर, धरम वीर, राजेश कुमार सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।


चयन के दौरान उपस्थित क्षत्रिय राठौर समाज की कार्यकारिणी के सदस्य।

**आम सूचना का खण्डन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र दिनांक 18/8/2025 को प्रकाशित आम सूचना का खण्डन प्रकाशित करता हूँ कि अधिवक्ता प्राची सिंह सिविल कोर्ट बिलासपुर ने अपने आसामी श्री अभिषेक एवं श्री मनीष जी के द्वारा ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि जो नीता कश्यप पति कालीचरण के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है को विक्रय करने का सौंदा किया गया है, के साथ भूमि स्वामी बंटी कश्यप पिता मिश्री लाल के नाम पर दर्ज ख.नं. 327 रकबा 0.0340 हे. एवं ख.नं. 28 रकबा 0.2580 हेक्टेयर को भी उपरोक्त क्रेता के पक्ष में विक्रय किये जाने की आम सूचना का प्रकाशन कराया गया है जो कि उपरोक्त दोनों ख.नं. 327 एवं 28 का विक्रय किया जाना त्रुटिवश उल्लेख किया गया है। उक्त ख.नं. की भूमि का विक्रय करने का सौदा किसी भी व्यक्ति समूह, शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था, समिति, बैंक से नहीं किया गया है जिसका खण्डन इस सूचना प्रकाशन के द्वारा किया जा रहा है। सो सूचना जाने।

दिनांक 15/9/2025
बिलासपुर

**प्रार्थी**
**बंटी कश्यप पिता मिश्रीलाल कश्यप**
**निवासी मेडिकल काम्प्लेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर छ.ग. मो.नं. 9179199977**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

मा.क्र. अ 270 / 2024-25
ग्राम पांड, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पांड प.ह.नं.42, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक ना.बा. विद्या पिता सुग्रीव, हर्षप्रिया पिता सुग्रीव, आश्मी पिता सुग्रीव वली माँ नीलम पति सुग्रीव निवासी बेदू गैरेज के पास, मिनी बस्ती, जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा पांड प.ह.नं. 42 स्थित भूमि ख.नं. 391/7, रकबा 0.1820 हे. भूमि के संबंध में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 178 खाता विभाजन बाबत इस न्यायालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 19.09.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
**मा.क्र.अ-270/2024-25,**
**ग्राम पांड, तहसील सकरी**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पांड प.ह.नं. 42, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. रोशनी पिता दीपक, रोशन पिता दीपक, ना.ब. हर्षिता पिता दीपक, रिया पिता दीपक 2. ना.बा.विद्या पिता सुग्रीव हर्षप्रिया, पिता सुग्रीव, आश्मी पिता सुग्रीव वली मां नीलम पति सुग्रीव सभी निवासी बेदू गैरेज के पास, मिनी बस्ती, जरहाभाठा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा मौजा पांड प.ह.नं.42 स्थित भूमि ख.नं. 391/6, 391/16, 395, 396/1 रकबा क्रमशः 0.16110, 0.2430, 0.2020, 1.5860 हे. भूमि के संबंध में आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 178 खाता विभाजन बाबत इस न्यायालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 19.09.2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 12.09.2025

ग्राम खमतराई के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा खमतराई प.ह.नं. 25 तहसील जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित/ कृषि भूमि ख.नं. 561/50 में से रकबा 2000 वर्गफीट/ एकड़ हेतु आवेदक/ आवेदिका रश्मि शर्मा पिता/ पति हरिशंकर शर्मा निवासी सरकंडा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत ताबादलानामा/ फौती नामांतरण/ बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण/ वसीयत नामांतरण/ दानपत्र नामांतरण/ पंजीकृत हकत्याग नामांतरण, तबादला नामा, हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 26.09.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 12.09.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### बाड़ी से पकड़ा गया विशालकाय अजगर

**लोरमी।** ग्राम मजगांव वार्ड 10 निवासी पन्नालाल तिवारी की बाड़ी में मगंलवार रात एक विशालकाय अजगर दिखाई दिया, जिससे गांव में हड़कंप मच गया एवं देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पन्ना लाल तिवारी ने बताया कि, अजगर बोईर पेड़ पर चढ़ा था, जिसकी सूचना इन्होंने रात में ही वन विभाग की टीम को दी थी। वन विभाग की टीम तत्काल हरकत में आई रात में ही मौके पर पहुंच गई। बड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम अजगर को पेड़ से नीचे उतारकर सुरक्षित अपने साथ ले गई। ग्रामीणों ने सांप पकड़ने वाले बन विभाग के टीम की प्रशंसा की है ।



### इग्नाइट स्कूल के दो बच्चों का सैनिक स्कूल में चयन

**मुंगेली।** इग्नाइट गवर्नमेंट प्राइमरी इंग्लिश मीडियम स्कूल मुंगेली से एक ही वर्ष में दो बच्चों का सैनिक स्कूल अंबिकापुर में कक्षा छठवीं के लिए चयन व प्रवेश हुआ है। छात्र रुद्राक्ष राव सोनोने (सत्र 2024-25 पास) माता प्रीति सोनोने, पिता रामेश्वर राव सोनोने ने ऑल इंडिया रैंक 60735 हासिल किया और छात्र अभिजीत केशरवानी (सत्र 2023-24) माता सीमा केशरवानी पिता आनंद केशरवानी ने ऑल इंडिया रैंक 17665 हासिल किया। एक ही वर्ष में दो बच्चों का चयन होना हमारे मुंगेली शहर और सरकारी स्कूल के लिए गर्व का विषय है।




### ग्राम बराही में लगा शिविर रक्तदाताओं में दिखा उत्साह



**तखतपुर।** स्वर्णिम प्रभात सेवा संस्थान के तत्वावधान में ग्राम पंचायत परसाकापा के ग्राम बराही में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया इस आयोजन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य ललिता संतोष कश्यप करन कापा क्षेत्र के जनपद सदस्य ऋषभ कश्यप एवं ग्राम पंचायत परसाकापा बराही के सरपंच श्यामसुंदर कश्यप कार्यक्रम के उपस्थिति हुए साथ ही आयोजन समिति से विनोद कश्यप ,अनील खूंटे, सुरेश यादव, विकाश रजक, उमेश रजक, किशन केंवट, मनिशकर रजक, निकेश यादव, विक्रम आर्यन ,अमर केंवट इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. राजेंद्र मेरसा ,राम रजक ,आशीष रजक स्वर्णिम प्रभात सेवा के संथापक पवन कुमार रजक आदि मौजूद थे।

### मुक्तिधाम की साफ-सफाई कर स्वयंसेवकों ने बहाया पसीना



**पेंड्रा।** विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष और समाजसेवी हर्ष छाबरिया के नेतृत्व में 10 एकड़ में फैले मुक्तिधाम की साफ-सफाई की गई।
पेण्ड्रा शहर का सबसे बड़ा मुक्तिधाम, जो इंदिरा उद्यान के पास 10 एकड़ में फैला हुआ है, लंबे समय से खरपतवार, गाजर घास और कंटीली झाड़ियों से घिरा हुआ था। इतना बड़ा क्षेत्र होने के कारण इसकी साफ-सफाई करना एक बड़ी चुनौती मानी जाती है। लेकिन विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष हर्ष छाबरिया ने समाजसेवा की भावना से आगे बढ़ते हुए पूरे मुक्तिधाम की सफाई कराई। सड़क, चबूतरे, शवदाह शेड, गलियों और परिसर के चारों ओर फैले खरपतवार को हटाकर मुक्तिधाम को नया रूप दिया गया। वहीं मुक्तिधाम की बाहरी सड़क और बाउंड्रीवाल के बीच जमा गंदगी को भी साफ करवाया गया, जिससे आने-जाने वाले लोगों को राहत मिलेगी। पेण्ड्रा का यह मुक्तिधाम अब एक नई छवि में नजर आ रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि समाजसेवा के ऐसे प्रयास न केवल शहर की खूबसूरती बढ़ाते हैं, बल्कि जनसामान्य को राहत और सुविधा भी प्रदान करते हैं।

### बगबुडवा स्कूल में बच्चों को दिया गया न्योता भोज



**पथरिया।** शासकीय प्राथमिक शाला बगबुडवा में 15 सितंबर को न्योता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रतिभा मंडलोई उपस्थित रहीं। उनके साथ बीआरसी पथरिया से प्रिया यादव, नाहिदा परवीन तथा संकुल केंद्र पुछेली से संकुल समन्वयक जहीर मोहम्मद कुरैशी शामिल हुए। इस अवसर पर शाला ग्राम के जनप्रतिनिधि–सरपंच, पंच एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ भोजन कर उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय का निरीक्षण किया गया, जहां उपस्थित अधिकारियों ने शाला की व्यवस्था और शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की स्वच्छता, बच्चों के अध्ययन की गुणवत्ता एवं 90+ संबंधी कार्यक्रम पर विशेष चर्चा की गई।

### लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में आई गिरावट

# खेतों में भरा लबालब पानी पाटो-पाट चल रहे नदी-नाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से कभी सुबह तो कभी शाम में बारिश हो रही है। आज सुबह से गरज-चमक के साथ दिन भर लगातार बारिश होते रही। बारिश के चलते दिन भर बदली छाई रही। बारिश से तापमान में गिरावट आई। बारिश के चलते लोगों का काम प्रभावित हुआ, सड़कें सूनी रहीं। खेतों में लबालब पानी भर गया है। नदी-नालों में पानी पाटो-पाट चल रही है।

पितृ पक्ष में लगातार कभी सुबह तो कभी शाम बारिश हो रही है। दिन भर की बारिश के चलते दिन के तापमान में गिरावट आई। लगातार बारिश के चलते बाजार भी प्रभावित हुआ। जिले में 1 जून 2025 से लेकर आज तक 117.4 मिमी औसत वर्षा हुई है। विगत 10 वर्षो की औसत वर्षा 871.0 मिमी है। जिले की औसत वर्षा 1052.3 प्रतिशत रही। मुंगेली में 19 मिमी, लोरमी में 20.3 मिमी, लालपुर में 7.2 मिमी एवं जरहागांव में 3.2 मिमी वर्षा दर्ज किया गया है। आज जिले में 49.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई एवं जिले की आज औसत वर्षा 8.3 मिमी रही। लगातार हो रही बारिश के चलते नदी-नाले पाटो-पाट चल रही है। खेतों में भी पानी लबालब भरा हुआ है। किसानो की माने तो इस वर्ष खेती किसानी के लिहाज से पहले ही अच्छी बारिश हो चुकी है। आज की बारिश के बाद व्यापारियों का कामकाज ठप्प हो गया। सड़के सूनी रही, इससे ठण्ड का एहसास हो रहा हैं। मौसम के इस बदलाव से सर्दी, बुखार का प्रकोप बढ़ने की आशंका लोगों को सताने लगी हैं। दिन और रात का तापमान कम होने से फ्लू का वायरस तेजी से पनपता हैं। बारिश होने से मौसम सभी जगहों पर तकरीबन एक जैसा ही रहा। अब देखना होगा कि आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदलेगा या फिर यथावत रहेगा। वैसे तापमान घटने की संभावना अधिक है।


बारिश के चलते सड़कें सूनी।

#### स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा असर

मौसम में बदलाव होने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा हैं। जिला अस्पताल और निजी क्लिनिकों में भी मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा हैं। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. एमके राय ने बताया कि इस मौसम का असर खासकर शिशुओं और बुजुर्गों पर पड़ रहा हैं। क्योंकि मौसम के हिसाब से इनकी प्रतिरोधक क्षमता कम होती हैं। ऐसे में यदि गर्म-ठंडा मौसम होता हैं तो वह कमजोरी पैदा करता हैं। इस कारण इस वर्ग के लोगों को मौसम को मद्धेनजर रखते हुए एहतियात बरतना चाहिए। ताकि बीमारियों से बचा जा सकें। बाहर का खाना न खाएं। डॉ. एमके राय ने बताया कि अस्पतालों में अभी सर्दी-खासी और वायरल के मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। कृषि उपसंचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि मौसम में बदलाव के चलते जहां धान की फसल के लिए बारिश लाभदायक है। इस माह में मौसम में बदलाव होते रहता हैं। आने वाले दिनों में भी मौसम ऐसा ही बने रहने की उम्मीद बताई जा रही हैं।

### भाजपाइयों ने सेवा पखवाड़ा मनाने के लिए की बैठक


बैठक में शामिल भाजपाई।

**तखतपुर।** भाजपा मंडल विजयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर सेवा पखवाड़ा मनाने को लेकर विजयपुर किला में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितम्बर से लेकर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान , रक्तदान शिविर ,एक पेड़ मां के नाम सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप एवं मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू ने भी कार्यक्रम संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कामता कुलमित्र एवं आभार व्यक्त महामंत्री देवेन्द्र कश्यप ने किया। इस अवसर पर भाजपा उपाध्यक्ष, रामनाथ निर्मलकर, संजय साकत, सुंदर ध्रुव ,उत्तरा कश्यप, रघुवीर सिँह ठाकुर, सरपंच रामकुमार यादव, रोहित कैवर्त, भूषण लाल ध्रुव, विजय जायसवाल, सुनील साहू, सुनील यादव, पुनीत राम ध्रुव, बहोरिक पाल, पवन यादव, बलराम रजक, सीताराम कश्यप, अभिषेक कौशिक, रामफल साहू, सालिकराम कश्यप, बजरंग कश्यप कमल नेताम, कुमार बंजारे, मंगल राम मानिकपुरी, अंकित मिश्रा, कृष्णा यादव, दिनेश साहू, बाहोरिक साहू, सुनील यादव, दुर्गेश कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे।

### गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन एवं पौधरोपण कार्यक्रम



**पेंड्रा।** भारत विकास परिषद पेंड्रा के तत्वावधान में हाई स्कूल धोबहर में 'गुरु वंदन–छात्र अभिनंदन' एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य वनमाली वासुदेव, परिषद अध्यक्ष मोहनी शंकर तिवारी, सचिव बाबूलाल पांडेय, कोषाध्यक्ष समयलाल मिश्रा, संस्कार प्रमुख मनीराम कैवर्त, शाखा प्रमुख कीर्ति कश्यप, नाथूलाल गुप्ता, अतुल तिवारी, प्रिया त्रिवेदी, भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव, धोबहर सरपंच कन्हैया लाल, आशीष पांडेय एवं आयुष मिश्रा आदि उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि, पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान भावनात्मक रूप से लोगों को प्रकृति से जोड़ने का संदेश देता है। इस मौके पर गुरुजनों का सम्मान किया गया एवं मेधावी छात्रों का अभिनंदन कर उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया।

### नगर साहू समाज की कार्यकारिणी का पुनर्गठन



**जरहागांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के आदेशानुसार तहसील साहू संघ जरहागांव के निर्देश पर पर्यवेक्षक दयाराम साहू, माखन साहू एवं मेलाराम साहू की उपस्थिती में जरहागांव नगर साहू समाज की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। राजेश साहू को समाज का अध्यक्ष और उपाध्यक्ष रामकुमार साहू को बनाया गया। साथ ही महिला उपाध्यक्ष रेखा शंकरलाल साहू एवं संगठन सचिव सनत साहू और महिला संगठन सचिव बीना संजीव साहू को बनाया गया। नगर साहू समाज में सचिव खुजीराम साहू और कोषाध्यक्ष संजीव साहू को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में साहू समाज के मार्गदर्शक के रूप में पिरिथ राम साहू, रामचन्द्र साहू, फेरहाराम साहू, हरिराम साहू, शत्रुहन साहू, गीताराम साहू, डॉ सुरेश साहू, शंकर साहू, भरत साहू, भग्गू साहू, दुकालू राम साहू, उमेश साहू, मोरजध्वज साहू, तरूण साहू, भागवत साहू, गणेश साहू, मनहरण साहू, राजेश साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पितरों को तर्पण करने नदी तालाबों तक पहुंच रहे लोग



**मुंगेली।** पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों के नाम पर तर्पण कर रहे हैं। पितरों को जल देने लोग पूरे पखवाड़े भर सुबह स्नान के बाद तालाब, नदी, कुंड या घर पर जौ, तिल तथा कुश के साथ पितरों को जल अर्पित कर रहे हैं। पितृ पक्ष 15 दिन का होता है, श्राद्ध पक्ष 14 दिनों तक चलेगा। 21 सितंबर को पितृमोक्षनी अमावस्या के साथ पितृ पक्ष का समापन हो जाएगा। लोग अपने पितरों को जल देने लोग पूरे पखवाड़े भर सुबह स्नान के बाद तालाब, नदी, कुंड या घर पर जौ, तिल तथा कुश के साथ पितरों को तर्पण कर रहे हैं। तर्पण करने वाले व्यक्ति को इस पखवाड़े भर मांस, मदिरा त्याग के साथ ही साथ दाढ़ी तथा बाल भी नहीं कटवाने का नियम है। पितृ पक्ष के बारे में मान्यता है, कि इस पखवाड़े में स्वर्ग लोक के द्वार खुले रहते हैं, जिसकी वजह से पितर पृथ्वी लोक आते जाते रहते हैं। पितृ पक्ष में ब्राह्मण तथा गाय के साथ ही साथ काग यानि कौए को भी भोजन कराने की परंपरा है।

### संघ के शताब्दी वर्ष की तैयारी के संबंध में प्रारंभिक वर्ग व बैठक


आरएसएस के प्रारंभिक वर्ग में शामिल कार्यकर्ता।

**लोरमी।** विकासखंड में नए सदस्यों का संघ से परिचय कराने तथा व्यक्तित्व विकास की दृष्टि से आरएसएस का तीन दिवसीय प्रारंभिक वर्ग 12 से 14 सितंबर तक बोड़तरा सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। जिसमें व्यवसायी, कर्मचारी, कॉलेज छात्र, शालेय विद्यार्थी ऐसे 89 प्रशिक्षार्थियों ने राष्ट्र सेवा, समाज कार्य का विधिवत प्रशिक्षण प्राप्त किया।

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में शारीरिक गतिविधि में 10 घंटे की शाखा आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र में जिला कार्यवाह हजारी साहू तथा समापन सत्र में विभाग प्रचारक गणेश ने कहा कि संपूर्ण भारत के चिंतन की जिम्मेदारी संपूर्ण भारतीय की है। अतः हमें प्रत्येक गांव-शहर से ऐसे कार्यकर्ता चाहिए जो भारत का चिंतन कर सके। इसके लिए उन्होंने संघ के द्वारा शताब्दी वर्ष में सात कार्यों को करने में समाज के सभी की सहभागिता का आग्रह किया। इस अभ्यास वर्ग में मुख्य रूप से वर्ग संचालन टोली से वर्ग कार्यवाह प्रदीप उपाध्याय, मुख्य शिक्षक हर्ष साहू, बौद्धिक विभाग चंद्रकांत डडसेना, चंद्रेश खत्री एवं खंड एवं मंडल से जगसिंह, जितेंद्र सिंह, लेखराम साहू, नवीन सिंह ,गजराज सिंह, श्रीधर परिहार, संतोष निषाद, उमाशंकर यादव, अविनाश मौर्य, दयाली राम साहू, अक्षत शर्मा, सोनू कश्यप, रीजय श्रीवास।

### नशा नाश का कारण है, इससे दूर रहें: कंचन



**पेंड्रा।** गायत्री परिवार के डिवाइन ग्रुप के तत्वावधान में शुक्रवार 11 सितंबर को ग्राम कोरजा उमा विद्यालय में विशाल नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। जिला संयोजक कंचन सिंह ने कहा कि, नशा केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी घातक है। बढ़ती चोरी, डकैती, सड़क दुर्घटनाएं और पारिवारिक विवाद जैसी समस्याओं की जड़ नशा ही है। नशे के सबसे ज्यादा शिकार देश की युवा शक्ति है। संरक्षक मथुरा सोनी ने नशे को दलदल बताते हुए संकल्प शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने 'इतने भी ना बनो नादान, नशे से होता सबका नुकसान' स्लोगन के माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया। ओमप्रकाश बलभद्र ने गीतों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू ने व्यक्तित्व विकास पर अपने विचार रखते हुए कहा कि, अनुशासन, मेहनत और निष्ठा ही सफलता के मूल आधार हैं। इस अवसर पर संस्था के जिला संयोजक कंचन सिंह, प्रांत सहसंयोजक ओमप्रकाश बलभद्र, जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार साहू, मंडल संरक्षक मथुरा सोनी, जिला सदस्य एवं ग्राम कोरजा पंच सरिता राठौर, आरती सोनी, नेम सिंह राठौर, संरक्षक निशा वर्मा, हर प्रसाद पाल सदस्य, चंद्रिका वर्मा, रामदुलारे राठौर, विद्यालय प्राचार्य सहित शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**मुंगेली।** जिले में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 16 सितम्बर को प्रातः 11 बजे पीएम श्री स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल दाऊपारा मुंगेली में होगा। वहीं समापन समारोह 19 सितम्बर को दोपहर 12.30 बजे आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू करेंगे। वहीं समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरूण साव शामिल होंगे। प्रतियोगिता में विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक, मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। प्रतियोगिता में शतरंज (बालक/बालिका 14, 17, 19 वर्ष वर्ग) एवं नेटबॉल (बालक/बालिका 14 वर्ष वर्ग) की स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

### सरईपतेरा में लगा शिविर, 410 लोग में हुए लाभान्वित



**लोरमी।** ग्राम सराई पतेरा में आयुष विभाग द्वारा द्वितीय विकासखण्ड स्तरीय शिविर लगाया गया। शिविर में 410 लोग लाभान्वित हुए।

डॉक्टरों ने निःशुल्क परामर्श एवं औषधि वितरण किया और योग-आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। शिविर के दौरान ग्रामीणों को औषधीय पौधों का वितरण किया गया तथा उनके चिकित्सीय व घरेलू उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु काढ़ा वितरण भी किया गया, जिससे ग्रामीणों ने लाभ उठाया। इस आयोजन को जिला आयुष अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ध्रुव एवं नोडल आयुष अधिकारी डॉ. उत्तरा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में शिविर में शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. ज्योति कौशिक शिविर प्रभारी, डॉ. वीणा वर्मा, डॉ. शारदा उपाध्याय तथा डॉ. संदीप कुमार श्रीवास ने अपनी सेवाएं प्रदान कर शुगर, हीमोग्लोबिन जांच के अलावा डॉ. शारदा उपाध्याय द्वारा ऑस्टियो आर्थराइटिस एवं मस्कुलोस्केलेटल डिसऑर्डर की स्क्रीनिंग की गई।

कार्यक्रम में सरपंच नारायण साहू, उपसरपंच सुरेखा साहू, भूनेश्वर साहू, पंच कमेश्वरी साहू, कीर्ति साहू, आजू राम साहू सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं कर्मचारी

# बरसते पानी में डटे रहे हड़ताली स्वास्थ्यकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा नियमितीकरण, संविलियन, ग्रेड पे, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि समेत 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल लगातार तेज होती जा रही है।

सोमवार को यह आंदोलन 29वें दिन में प्रवेश कर गया। धरना स्थल आगर क्लब परिसर में बरसते पानी में कर्मचारी डटे रहे। कर्मचारियों ने कहा कि विगत 2 साल से केवल आश्वासन ही मिल रहा है अब हमें आश्वासन नहीं आदेश चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा 5 मांगों को पूरा करने के सम्बन्ध मे गुमराह किया जा रहा है जबकि हकीकत ये है कि इन 5 मांगों का लिखित आदेश आज तक अप्राप्त है। जब तक 5 मांगो सहित ग्रेड पे का लिखित मे आदेश जारी नहीं हो जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि वे बीते 20 वर्षों से बिना किसी स्थायी नौकरी की सुरक्षा, कम वेतन और सीमित सुविधाओं में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। कोरोना महामारी जैसी विकट परिस्थितियों में भी अपनी जान की परवाह किए बिना जनसेवा की। उन्होंने कहा कि संकट की घड़ी में सरकार ने उन्हें कोरोना वॉरियर्स कहा। लेकिन अब उनकी जायज मांगों पर लगातार अनदेखी की जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को स्वीकार कर लिखित आदेश जारी नहीं करती, आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा। लंबे समय से चली आ रही हड़ताल से जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने लगी है। मरीजों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल की वजह से सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं के वितरण से लेकर मातृ-शिशु सेवाओं, टीकाकरण तक कई बुनियादी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।


बारिश में प्रदर्शन करते स्वास्थ्यकर्मी।

### साइबर अपराध से बचाव को लेकर स्कूल में चलाया गया जागरूकता अभियान



**लोरमी।** एसपी भोजराम पटेल के निर्देशन में पहल अभियान के तहत साइबर अपराध को पहचानने, उससे दूर रहने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरिया में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उड़ान फाउंडेशन की रायपुर से आई शैलजा, रोशना डेविड ने बच्चों को साइबर अपराध से दूर रहने प्रेरित किया। उन्होंने विविध स्लोगन के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया। मुंगेली पुलिस से बबीता श्रीवास ने भी बच्चों को साइबर अपराध से बचाव के टिप्स दिए। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य सुरेश शुक्ला, वरिष्ठ व्याख्याता रमा शंकर यादव, तोरण सिंह मंडावी, बेदुराम धुर्वे, नरेश कुमार राठौर, कीर्ति सिंह, एकता केशरवानी, प्रवीणा श्रीवास्तव, ललिता एक्का, सीमा तिवारी, विमला सोनी अंशुल साहू सहित शाला के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### स्वच्छ भारत मिशन की समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की प्रबंधन समिति की बैठक 16 सितम्बर को कलेक्टोरेट मंथन सभा कक्ष में होगी। इसकी अध्यक्षता कलेक्टर संजय अग्रवाल की करेंगे। यह बैठक समय-सीमा की बैठक के पश्चात होगी। इसमें स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का शुभारंभ 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छोत्सव की थीम पर विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### ओयू में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

**बिलासपुर।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष रजत जयंती समारोह पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 16 सितंबर से आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ कल, आज और कल विषय पर आयोजित इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश भर के विद्वान उपस्थित होंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विशिष्ट अतिथि विधायक सुशांत शुक्ला, एयू के कुलपति प्रोफेसर एडीएन बाजपेयी व अध्यक्षता पंडित सुंदरलाल शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सी. के. सारस्वत होंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता शशांक शर्मा रायपुर, डॉ. वर्णिका शर्मा रायपुर, डॉ. संजय अलंग रायपुर, पूर्व कुलपति प्रो. बंश गोपाल सिंह, आचार्य रमेन्द्र नाथ मिश्र रायपुर, आचार्य विनोद कुमार आगरा, प्रो. पवन शर्मा दिल्ली, राहुल कुमार सिंह रायपुर, प्रो. राजन यादव, खैरागढ़ व प्रो. सुधीर शर्मा, भिलाई समेत अन्य विशेषज्ञ शामिल होंगे।

### छत से गिरकर बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**बिलासपुर।** छत से गिरने से बुजुर्ग की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल थाना के प्रधान आरक्षक जय प्रकाश खाण्डेकर ने बताया, छेदीलाल यादव पिता जेठूराम यादव 72 साल के घर में रविवार को कार्यक्रम था और मेहमान आए थे। श्री यादव ने मेहमानों के साथ शराब पी थी। खाना खाने के बाद वे घर की छत में जाकर सो गए। देर रात वे छत से नीचे गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### बाइक से गांजा लेकर जा रहे दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने बाइक में गांजा लेकर जा रहे दो युवकों को पकड़ लिया है। उनके पास से 4 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट को मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक बाइक में गांजा लेकर बिक्री करने के लिए लेकर जा रहे हैं। उन्होंने स्टाफ के साथ मण्डपम सेक्टर डी मुख्य मार्ग में घेराबंदी की। इस दौरान बाइक क्रमांक सीजी 10 बीआर, 9535 में सवार किशन वर्मा पिता स्व. रमाकांत वर्मा 30 साल गनियारी वर्मा मोहल्ला, विकास वर्मा उर्फ महराज पिता स्व. राजू वर्मा 26 साल गनियारी निवासी को पकड़ लिया। बैग की तलाशी लेने पर 4 किलो 39 ग्राम गांजा मिला।

### पैसे को लेकर मारपीट बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कार सवार को जबरिया रोककर पैसे की मांग कर जमकर मारपीट की गई है। पुलिस ने हमलावर गुण्डा बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन थाना के एसआई पूरन सिंह बघेल ने बताया, रायपुर तिलदा निवासी दुर्गेश कुमार तिवारी पिता ओमप्रकाश तिवारी भारत एल्यूमीनियम कंपनी प्रोजेक्ट में काम करते हैं। 14 सितंबर को वे दोस्त सूर्यप्रकाश कुमार शाह, विवेश शाह के साथ कार से कोरबा जा रहे थे। रात 9.30 बजे तिफरा फ्लाई ओवरब्रिज ढलान में एक बाइक चालक उनकी कार के सामने आकर एक युवक जबरिया पैसे की मांग करने लगा। मना करने पर गाली देते हुए उनकी कार को हाथ से ठोंकने लगा। विरोध करने पर पास में खड़े एक युवक उसे तारन निर्मलकर नाम से पुकारा। उसके बाद तारन निर्मलकर ने उनके साथ मारपीट की। पुलिस ने दुर्गेश की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज कर लिया। एसआई श्री बघेल ने तिफरा क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी तारन निर्मलकर पिता स्व. बिसरू निर्मलकर 30 साल तिफरा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

**स्कूलों में कई दिनों से डंप, वितरण पर ध्यान नहीं**

**किताबें कम पड़ी तो बच्चों के लिए 8 लाख किताबों की अतिरिक्त छपाई कराई जा रही**

# छात्रों को पढ़ाई में परेशानी क्योंकि 10 लाख किताबें ही नहीं मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



अगले कुछ दिनों में छत्तीसगढ़ बोर्ड के स्कूलों में तिमाही परीक्षा होनी है और स्कूलों में अब तक 10 लाख के करीब किताबें पूरी नही पहुंची है। किताबें कम पड़ी तो बच्चों के लिए 8 से 10 लाख किताबों की अतिरिक्त छपाई कराई जा रही है तो इधर बच्चों को पढ़ाई में दिक्कतें आ रही हैं।

दरअसल बीते वर्ष कबाड़ में किताबें मिलने के मामले की जांच और फिर कागज व किताबें की प्रिंटिंग के लिए टेंडर प्रक्रिया में देरी की वजह से इस बार स्कूलों में समय पर किताबें नहीं पहुंच पाई। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी स्कूलों में सभी विषयों की किताबें पहुंच गई हैं, निजी स्कूलों में जहां कमी है वहां व्यवस्था कराई जा रही है। जानकारी के मुताबिक पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा किताबों की छपाई जून में करवाई जा चुकी थी, लेकिन वितरण में लापरवाही और लॉजिस्टिक गड़बड़ी के कारण स्कूलों तक समय पर आपूर्ति नहीं हो पाई। इधर कई स्कूलों में किताबें पहुंचने के बाद भी डंप है और वितरण नहीं किया जा रहा है। ज्ञात हो कि पांचवीं-आठवीं केन्द्रीकृत परीक्षा की वजह से निजी स्कूल इस बार छत्तीसगढ़ बोर्ड की किताबों से ही बच्चों को पढ़ाई करा रहे हैं ताकि परीक्षा के दौरान किसी तरह की दिक्कतें नहीं हो। ऐसे में किताबें नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

शिक्षकों के मुताबिक हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की आधी-अधूरी किताबें ही स्कूलों को मिली हैं। अगले माह तिमाही परीक्षा होनी है और किताबें नहीं होने से बच्चों की चिंता बढ़ गई है।

### स्कूलों को किताबें आधी-अधूरी मिली

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के मुताबिक खास तौर पर निजी स्कूलों को किताबें आधी-अधूरी मिली हैं। पूर्व में बची हुए किताबें शीघ्र भेजने की बात कही थी परंतु अब तक नहीं मिली है। इससे स्कूलों में पढ़ाई का नुकसान हो रहा है। जानकारी मिली है कि नवीन मान्यता वाले स्कूलों को तो किताबें ही नहीं मिली हैं। उन्होंने कहा कि पापुनि शीघ्र ही सभी कक्षाओं और विषयों की पूरी किताबें निजी स्कूलों को शीघ्र उपलब्ध कराएगा। पापुनि के अनुसार सभी कक्षाओं की किताबें निगम के डिपो में उपलब्ध हैं। किसी को किताबों की आवश्यकता है, वे डिपो से किताबें प्राप्त कर सकते हैं।

### स्कूलों में शिक्षक खुद नोट्स बनाकर पढ़ा रहे

हरिभूमि ने इस बारे में स्कूलों से जानकारी ली तो मालूम पड़ा कि छात्र कक्षा में बैठ तो रहे हैं, लेकिन हाथ में किताब नहीं है। शिक्षक पढ़ा तो रहे हैं पर पुस्तकों के बिना ही। पढ़ाई केवल समझाने तक ही सीमित रह गई है। कुछ स्कूलों की कई कक्षाओं में एक भी विषय की किताब नहीं पहुंची है। ऐसें में स्कूलों में किताबें न पहुंचने के कारण बच्चों को पढाई प्रभावित हो रही है। विभागी आकंड़ों के अनुसार जिले में लगभग 14 सौ से ज्यादा सरकारी स्कूल हैं। जिनमें से अब तक 120 से भी ज्यादा स्कूलों में किताबें नहीं पहुंची हैं। कक्षा 8 वीं अभी तक अंग्रेजी और गणित विषय की किताबें नही मिलीं हैं। इसके साथ ही शहर के कई स्कूलों से जानकारी मिली है कि बच्चों को गणित, हिंदी और विज्ञान की किताबें नहीं मिलीं हैं। केवल कुछ विषयों की किताबें आंशिक रूप से आई हैं, जिनसे पूरी कक्षा की पढ़ाई नहीं हो पा रही। स्कूलों में शिक्षक खुद नोट्स बनाकर पढ़ा रहे हैं।

### तीसरी एवं छठवीं में अधिक परेशानी

इधर निजी स्कूल पापुनि से शीघ्र किताबें उपलब्ध कराने की मांग कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी पहली से तीसरी एवं छठवीं में हो रही है क्योंकि इन कक्षाओं में इस साल से नई शिक्षा नीति के अनुरूप सभी विषयों के नये पाठ्यक्रम लागू किए गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पापुनि द्वारा आपूर्ति के लिए किताबें कम होने पर 8 से 10 लाख की अतिरिक्त किताबें छपवाई जा रही हैं। निजी स्कूलों का कहना है कि शिक्षा विभाग द्वारा निर्देश जारी किए थे कि छत्तीसगढ़ बोर्ड से मान्यता प्राप्त कोई भी निजी स्कूल निजी प्रकाशकों की किताबें नहीं पढ़ाएंगे। ऐसा करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इससे विषयों की किताबें अभी पहुंची नहीं हैं और दूसरी ओर निजी प्रकाशकों की किताबें चला नहीं पा रहे हैं।

### बदलाव के कारण विलंब हुआ

नई शिक्षा नीति के तहत कोर्स में बदलाव हुए हैं, जिसके कारण स्कूलों में कुछ विषयों की किताबें मिलने में विलंब हुआ है। जैसे ही पाठ्य पुस्तक निगम से पुस्तकें आएंगी वैसे ही जल्द से जल्द स्कूलों में पुस्तकें पहुंचा दी जाएंगी। व्यवस्था बनाई जा रही है।

- विजय तांडे, जिला शिक्षा अधिकारी

**खंडोबा मंदिर से महामाया चौक होते खूंटाघाट तक हुआ है फोरलेन सड़क का निर्माण**

# 21 करोड़ की सड़क, 15 महीने में ही ...'स्वाहा'



सिद्ध शक्ति पीठ महामाया मंदिर रतनपुर के पास सड़क पर पड़ी दरार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खंडोबा मंदिर से महामाया चौक होते हुए खूंटाघाट बांध तक बनाई गई 21 करोड़ की फोरलेन सड़क 21 महीने भी नहीं टिक पाई। इस सड़क का निर्माण जून 2024 में पूर्ण हुआ था। इस लिहाज से फिलहाल इस सड़क की आयु बमुश्किल पंद्रह महीने ही की ही हो रही है। पंद्रह महीनों में ही सड़क उखड़ चुकी है। लंबे-लंबे क्रेक दिखाई देने लगे हैं।

राज्य शासन द्वारा खंडोबा मंदिर से महामाया चौक होते हुए रतनपुर खूंटाघाट तक फोरलेन सड़क को निर्माण की मंजूरी वर्ष 2021-22 में दी गई गई थी। इस कार्य का ठेका 23 दिसंबर 2022 को जारी कार्यादेश के अनुसार मेसर्स अनिल बिल्डकॉन को दिया गया था। अनुबंध की शर्तों के अनुसार 7.70 किलोमीटर लंबाई वाली इस सड़क को ठेकेदार को पंद्रह महीने के भीतर दिनांक 22 मार्च 2024 तक बनाकर दे देना था। ठेकेदार द्वारा 21 जून 2024 को इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया, लेकिन आज पंद्रह महीने के भीतर ही सड़क उखड़ने लगी है। सड़क की ऊपरी परत बारिश में धुल चुकी है, जिससे गिट्टी उभरकर भ्रष्टाचार का सबूत दे रही है। महामाया गेट के ठीक पहले सड़क पर लंबे-लंबे क्रेक आ गए हैं, जो कुछ ही दिनों में बड़ा रूप ले लेंगे। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सड़क बनाने वाली कंपनी को 20 करोड़ 56 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। ऐसी हालत में सड़क में आई किसी भी तरह की खराबी को विभाग अब कैसे ठीक करवा सकेगा?





बिलासपुर से रतनपुर जाने वाली मुख्य मार्ग पर दिखने लगी गिट्टी।

### शोल्डर के नाम पर खानापूर्ति, धंसी सड़क

सड़क के दोनों ओर मुरूम का शोल्डर बनाना बताया गया है, जबकि दोनों ही ओर सड़क पूरी तरह घंस चुकी है। देखने से ही नजर आ रहा है कि मुरूम के नाम पर मिट्टी की पटाई करके ऊपर जीरा गिट्टी की परत डाल दी गई है, ताकि मामला दबा रहे। अब बारिश में सड़क के दोनों किनारे पूरी तरह धंसने लगे हैं, जिससे दुपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का लगातार भय बना हुआ है।

### नजारा ऐसा मानों डामर ही नहीं पड़ा हो

वैसे तो यह सड़क खंडोबा मंदिर से खूंटाघाट बांध तक बनाई गई है, लेकिन खंडोबा मंदिर से महामाया चौक तक इसकी हालत ज्यादा खराब है। इस बीच कई स्थानों पर सड़क को देखकर ऐसा लग रहा है मानों इसमें डामर ही नहीं पड़ा है। बिलासपुर से रतनपुर की ओर जाते समय भैरोबाबा मंदिर पार करते ही बायीं ओर की सड़क पूरी की पूरी उखड़ चुकी है। ऐसा नजारा एक-दो स्थानों पर न होकर करीब सात सौ मीटर में नजर आ रहा है। देखने से ऐसा लग रहा है कि मानो बारिश के प्रभाव से सड़क धुल गई हो। बस नीचे की गिट्टी और अवशेष बाकी रह गए हों।

### पुराना काम है

यह काम मेरे आने के पहले का है। ऐसा तो नहीं होना चाहिए। मैं चेक करवा लेता हूं।

-सीएस विंध्यराज, ईई पीडब्ल्यूडी डिवीजन-1

**पीजी की काउंसिलिंग आज**

# सीयू में यूजी की रिक्त सीटों लिए हुई विशेष काउंसिलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी पाठयक्रमों में तीन राउंड की काउंसिलिंग के बाद भी 315 सीटें रिक्त रह गई थीं। इन सीटों को भरने के लिए सोमवार को यूनिवर्सिटी में आफलाइन विशेष काउंसिलिंग आयोजित की गई, जिसमें काफी कुछ सीटें भर गई हैं। दूसरी तरफ पीजी पाठयक्रमों की रिक्त सीटों के लिए मंगलवार को आफलान काउंसिलिंग रखी गई है।

सीयू में यूजी के विभिन्न पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए दो बार आनलाइन काउंसिलिंग और एक बार आफलाइन काउंसिलिंग आयोजित की गई थी। इन तीनों काउंसिलिंग में सीयूईटी के स्कोर के आधार पर एडमिशन दिया गया। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में यूजी पाठयक्रमों में कुल 2 हजार 159 सीटें हैं। इसमें पहले दो राउंड के आनलाइन काउंसिलिंग बाद करीब 700 सीटों पर ही एडमिशन हो पाया था। इसके बाद थर्ड राउंड में आफलाइन काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को बुलाया गया और थर्ड राउंड के आफलाइन काउंसिलिंग में काफी कुछ सीटें भर गई थीं, लेकिन तीन राउंड के काउंसिलिंग पश्चात भी यूजी पाठयक्रमों में 315 सीटें खाली रह गई थीं। खासकर बीए हिन्दी, बीएससी इलेक्ट्रानिक्स, बीएससी बॉटनी, बीएससी रूलर टेक्नालाजी एवं बीए जर्नलिज्म एंड मॉस कम्यूनिकेश,बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन जैसे पाठयक्रमों में काफी सीटें खाली बची थीं। इसके साथ ही बीए एंथ्रोपोलाजी, बीए इकानॉमिक्स, बीए इंग्लिश, बीए हिस्ट्री, बीए पोलटिकल साइंस, बीएससी एंथ्रोपोलाजी, बीएससी जूलाजी, बीएससी फारेस्ट्री, डिप्लोमा इन फार्मेसी आदि पाठयक्रमों में सीटें रिक्त रह गई थी। इसके लिए आज आफलाइन विशेष काउंसिलिंग रखा गया था, जिसमें सीयूईटी वाले सहित बिना सीयूईटी वालों को भी सम्मिलित होने का अवसर दिया गया। इस विशेष काउंसिलिंग में कई पाठयक्रमों की सीटें भर गई हैं।

### पीजी पाठयक्रमों में रिक्त 250 सीटें

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में तीन-चार राउंड आनलाइन, आफलाइन काउंसिलिंग के बाद भी पीजी पाठयक्रमों में लगभग 250 सीटें रिक्त रह गई है। इन रिक्त सीटों को भरने के लिए यूनिवर्सिटी मंगलवार को विशेष आफलाइन काउंसिलिंग रखी गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी की कुल 1400 सीटें हैं। पीजी पाठयक्रमों में कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस एग्जाम, सीयूईटी के स्कोर के आधार पर एडमिशन दिया जाता है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पीजी के 33 पाठयक्रम है। इसके लिए सीयूईटी का रिजल्ट आने के बाद जून माह में ही रजिस्ट्रेशन और आनलाइन काउंसिलिंग शुरू हो गई थी। आनलाइन एवं आफलाइन मिलाकर पीजी पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए अभी तक चार राउंड काउंसिलिंग आयोजित की जा चुकी है। इसके बाद भी पीजी की 1400 सीटों में से लगभग ढाई सौ सीटें रिक्त रह गई हैं, इसलिए अब सेंट्रल यूनिवर्सिटी पीजी की रिक्त सीटों को भरने के लिए 16 सितंबर को विशेष आफलाइन काउंसिलिंग करने जा रही है।

# कलेक्टोरेट के सामने किया हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हनुमान चालीसा का पाठ करते समिति के पदाधिकारियों व कांग्रेस नेता।

साइंस कॉलेज मैदान में रावण दहन की अनुमति देने की मांग को लेकर अरपांचल लोक समिति के पदाधिकारियों व कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टोरेट के सामने हनुमान चालीसा का पाठ किया।

सोमवार को बड़ी संख्या में लोग नूतन चौक से रैली निकालते हुए "राम नाम" के भजन गाते और हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए महामाया चौक और नेहरू चौक से गुजरते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। वहां लोगों ने जमीन पर बैठकर भजन-कीर्तन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आयोजन पिछले पाँच सालों से लगातार साइंस कॉलेज मैदान में होता आ रहा है, समिति ने समय पर आवेदन दिया था, लेकिन प्रशासन ने उसे रद्द कर दिया। समिति का कहना है कि यह सरासर अन्याय और नियमों की अनदेखी है। प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी, प्रमोद नायक, शिल्पी तिवारी, सुधांशु मिश्रा, सुनील शुक्ला, बबलू महराज रतनपुर महामाया मंदिर सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रतिबंधित कफ सिरप सहित दो गिरफ्तार



**बिलासपुर।** तेजी से ग्रामीण क्षेत्रों में नशे का जाल फैलते जा रहा है। पुलिस ने कोटा क्षेत्र में दबिश देकर प्रतिबंधित कफ सिरप सहित दो युवकों को पकड़ा है। उनके पास से 69 नग सिरप जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस को सूचना मिली कोटा क्षेत्र के कलमीटार रेलवे अंडरब्रिज के पास दो युवक प्रतिबंधित कफ सिरप बिक्री करने के लिए जा रहे हैं। कोटा टीआई तोप सिंह नवरंग ने थाने के स्टाप व एसीसीयू टीम के साथ अंडरब्रिज के पास घेराबंदी कर नेवरा निवासी धरमदास यादव पिता थानूराम यादव 30 साल, सुनील साहू पिता स्व. रामेश्वर साहू 38 साल को पकड़ लिया। उनके पास से 69 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कफ सिरप जब्त कर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

### विशेष शिविर में बनाए गए आयुष्मान व श्रम कार्ड

**बिलासपुर।** श्रम विभाग द्वारा राज्य स्थापना रजत जयंती महोत्सव पर बिलासपुर के श्रमिक प्रतीक्षालय में स्वास्थ्य विभाग एवं श्रम विभाग के संयुक्त प्रयास से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें 538 श्रमवीरों का निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं सेवाएं प्रदान की गईं। इसमें मोबाइल मेडिकल यूनिट से 220 और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 318 श्रमिकों की जांच की गई। शिविर में 5 आयुष्मान भारत कार्ड बनाए गए। दो लोगों का ई-श्रम कार्ड पंजीयन किया गया। नया पंजीयन 32 श्रमिकों का किया गया।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# झपट्टा मारकर छात्र से 41 हजार का मोबाइल लूटा, दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** झपट्टा मारकर छात्र से 41 हजार रुपए का मोबाइल लूटने वाले बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, दयालबंद निवासी कुनाल केसरी पिता सन्नी केसरी कक्षा 6 वीं का छात्र है। 14 सितंबर की रात 8 बजे वह अपनी दादी के घर गया था। लौटते समय वह चाकलेट किड्स स्कूल के सामने पहुंचा था। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उसके हाथ से एप्पल कंपनी का आईफोन लूटकर तोरवा की ओर भाग गए। मोबाइल की कीमत 41 हजार रुपए बताई जा रही है। छात्र ने घटना की सूचना अपने पिता को दी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 304 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया।

टीआई देवेश सिंह राठौर ने मामले में सक्रियता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालकर तारबाहर निवासी सचिन यादव पिता मूलचंद यादव 43 साल, प्रियांशु राजपूत पिता शिवा राजपूत 25 साल को पकड़कर मोबाइल बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।




